डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



वर्ष -09 अंक -132 | प्रयागराज ,मंगलवार,01अगस्त, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### 'अनुशासन सशस्त्र बलों की अमिट पहचान'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दी गई छुट्टी से अधिक समय तक रुकने के लिए बर्खास्तगी के खिलाफ एक सैन्यकर्मी की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि अनुशासन सशस्त्र बलों की अमिट पहचान है और इसमें सेवा की शर्तों से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। अपीलकर्ता ने चार जनवरी, 1983 को मैकेनिकल ट्रांसपोर्ट ड्राइवर के रूप में सेना सेवा कोर में दाखिला लिया। अपीलकर्ता ने इस मामले में अपनी तरफ से पूरी



अनुशासनहीनता बरती। इसका किसी भी रूप में समर्थन नहीं किया जा सकता है। वह अतिरिक्त अवकाश लेने के लिए क्षमा प्रार्थी बनकर और 108 दिनों तक ड्यूटी से नदारद रहे। देखने वाली बात यह है कि अगर उनकी क्षमा की गुहार को स्वीकार किया जाता तो यह सैन्य बल में अन्य लोगों के लिए गलत संकेत होता। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस राजेश बिंदल की खंडपीठ ने कहा कि सैन्य अधिकारी ने अपनी पत्नी के इलाज के मेडिकल सर्टीफिकेट का कोई दस्तावेजी सुबूत नहीं दिया। ताकि यह पता चल सके कि उनकी पत्नी वाकई बेहद गंभीर रूप से बीमार थीं और उनके निरंतर इलाज के लिए उनकी उपस्थिति जरूरी थी। अपीलकर्ता ने इस मामले में अपनी तरफ से पूरी अनुशासनहीनता बरती। इसका किसी भी रूप में समर्थन नहीं किया जा सकता है। वह अतिरिक्त अवकाश लेने के लिए क्षमा प्रार्थी बनकर और 108 दिनों तक ड्यूटी से नदारद रहे। देखने वाली बात यह है कि अगर उनकी क्षमा की गुहार को स्वीकार किया जाता तो यह सैन्य बल में अन्य लोगों के लिए गलत संकेत होता। सर्वोच्च अदालत ने अपने फैसले में कहा कि यह सैन्य अधिकारी आदतन कानून तोड़ने वाला है। उसके लिए ढिलाई नहीं बरती जा सकती है। हरेक को इस सच्चाई से वाकिफ होना चाहिए अनुशासन सशस्त्र सेनाओं की अमिट पहचान है और इसकी सेवा शर्तों से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है।

## डीके शिवकुमार को एससी से मिली राहत कर्नाटक एचसी के सीबीआई जांच पर रोक लगाने के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भ्रष्टाचार मामले में राहत दी है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने भ्रष्टाचार के एक मामले में उनके खिलाफ सीबीआई की जांच पर अंतरिम रोक लगाने के हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। ने सोमवार को भ्रष्टाचार के एक मामले में राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के खिलाफ सीबीआई जांच पर अंतरिम रोक लगाने के कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने मामले में उच्च न्यायालय के 10 फरवरी के आदेश के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया।न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने मामले में उच्च न्यायालय के 10 फरवरी के आदेश के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया।अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने एजेंसी के पक्ष में आदेश होने के बावजूद कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगा दी।शिवकुमार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा कि सीबीआई ने उच्च न्यायालय के एक अंतरिम आदेश के खिलाफ अपील दायर की है, लेकिन उच्च न्यायालय की खंडपीठ द्वारा पारित बाद के अंतरिम आदेशों को चुनौती देने से इनकार कर दिया है।सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि वह हस्तक्षेप नहीं करने जा रही है और उसने सीबीआई को उसके समक्ष मामले के शीघ्र निपटारे के लिए उच्च न्यायालय से अनुरोध करने की स्वतंत्रता दी।10 फरवरी को कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शिवकुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। हाई कोर्ट ने जांच एजेंसी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामले में कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने का भी निर्देश दिया है।उच्च न्यायालय ने बताया कि शिवकुमार के खिलाफ दर्ज मामले 2020 के थे और पिछले दो वर्षों में जांच की प्रगति पर सीबीआई से भी सवाल उठाया। उच्च न्यायालय ने एजेंसी से पूछा था कि वह अंतिम रिपोर्ट कब दाखिल करेगी, क्योंकि उसने सुनवाई की अगली तारीख तक कार्यवाही पर रोक लगा दी और मामले को स्थगित कर दियाआयकर विभाग ने 2017 में शिवकुमार पर छापा मारा था। आयकर विभाग द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर, प्रवर्तन निदेशालय ने भी उनके खिलाफ अपनी जांच शुरू की।ईडी की जांच के आधार पर, सीबीआई ने कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए राज्य सरकार से मंजूरी मांगी। मंजूरी 25 सितंबर, 2019 को आई और एफआईआर 3 अक्टूबर, 2020 को दायर की गई। शिवकुमार ने एफआईआर को उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।



## एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट में आई तकनीकी खराबी, तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**केरल।** 154 यात्रियों के साथ त्रिची-शारजाह एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या 613 को तकनीकी कारणों से तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर एहतियाती लैंडिंग करनी पड़ी। अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। एयर इंडिया एक्सप्रेस प्रवक्ता ने कहा, ठतिरुचिरापल्ली और शारजाह के बीच उड़ान भरने वाली उड़ान 13 ने आज एहतियातन तिरुवनंतपुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लैंडिंग की। उड़ान भरने



फिलहाल, सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। केरल में 154 यात्रियों के साथ त्रिची-शारजाह एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या 613 को तकनीकी कारणों से तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर एहतियाती लैंडिंग करनी पड़ी। फिलहाल सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। एक सप्ताह पहले भी दुबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक उड़ान में कुछ तकनीकी खराबी आने के कारण तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। इसके बाद यात्रियों के विए वैकल्पिक उड़ान की सुविधा दी गई। के बाद तकनीकी खराबी के कारण यह निर्णय लिया गया। एयरलाइन ने स्पष्ट किया कि यह आपातकालीन लैंडिंग नहीं थी।इससे पहले 23 जुलाई को दुबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक उड़ान में भी तकनीकी खराबी देखी गई थी। इस कारण फ्लाइट को तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। इसके बाद यात्रियों के विए वैकल्पिक उड़ान की सुविधा दी गई।

## कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा अविश्वास प्रस्ताव के बाद पारित विधेयक संवैधानिक रूप से गलत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने रविवार को दावा किया कि लोकसभा द्वारा अविश्वास ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव स्वीकार किए जाने के बाद 10 दिन की अवधि का इस्तेमाल विधेयकों को पारित कराने के लिए नहीं किया



प्रस्ताव को मंजूर किए जाने के बाद पारित हुए सभी विधेयक संवैधानिक रूप से उचित नहीं हैं। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि कोई भी विधायी कामकाज प्रस्ताव के परिणाम सामने आने के बाद ही होना चाहिए न कि इससे पहले। उन्होंने कहा कि लोकसभा द्वारा अविश्वास प्रस्ताव को मंजूर किए जाने के बाद राज्यसभा अथवा लोकसभा से पारित सभी विधेयकों की वैधता की कानूनी पड़ताल की जानी चाहिए और यह पता लगाया जाना चाहिए कि ये कानूनी तरीके से पारित किए गए हैं अथवा नहीं तिवारी ने जोर देकर कहा कि कोई भी विधायी कामकाज प्रस्ताव के परिणाम सामने आने के बाद ही होना चाहिए, न कि इससे पहले। पूर्व केंद्रीय मंत्री जा सकता। लोकसभा सदस्य ने यह बात तब कही जब दिल्ली सेवा अध्यादेश के स्थान पर संसद में एक विधेयक पेश किया जाना है। तिवारी ने एक साक्षात्कार में कहा उन्होंने दावा किया कि लोकसभा द्वारा अविश्वास प्रस्ताव को मंजूर किए जाने के बाद राज्यसभा अथवा लोकसभा से पारित सभी विधेयकों की वैधता की कानूनी पड़ताल की जानी चाहिए और यह पता लगाया जाना चाहिए कि ये कानूनी तरीके से पारित किए गए हैं अथवा नहीं। उन्होंने कहा कि मणिपुर में जो हुआ और जो वहां लगातार हो रहा है, वह निंदनीय है। राज्य और केंद्र दोनों जगह भाजपा की सरकार है, इसलिए किसी को तो जिम्मेदारी लेनी होगी।

## महिलाओं के वीडियो मामले में आज एसी में सुनवाई, दूसरे राज्य में केस ट्रांसफर करने की मांग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**मणिपुर में आज भी रुक-रुक कर हिंसा देखने को मिल रही है। एक ओर हिंसा पर देश चिंतित है तो दूसरी ओर दो महिलाओं के नग्न वीडियो आने के बाद से सरकार कठघरे में है। इस बीच महिलाओं के वीडियो मामले को अलग राज्य में ट्रांसफर करने के केंद्र के अनुरोध पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में दोनों महिलाओं ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ याचिका लगाई है। याचिका में मांग की गई है कि शीर्ष न्यायालय मामले में स्वतः संज्ञान ले और निष्पक्ष जांच का आदेश दे। पीड़ितों ने यह भी अनुरोध किया है कि उनकी पहचान सुरक्षित रखी जाए। महिलाओं की याचिका के बाद केंद्र ने कोर्ट से मामले को मणिपुर से दूसरे राज्य में ट्रांसफर करने की अपील की है केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से मुकदमे को राज्य से बाहर स्थानांतरित करने के साथ यह सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया कि मुकदमा छह महीने के भीतर पूरा हो जाए। इसके लिए केस को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते महिलाओं के वीडियो की निंदा की थी। कोर्ट ने कहा था कि ये दृश्य घोर संवैधानिक विफलता दिखाते हैं। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सरकार से क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने और अदालत को उनकी प्रगति से अवगत कराने का निर्देश दिया था। उधर, दोनों महिलाओं के वीडियो सामने आने के बाद से पूरा विपक्ष केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ हमलावर है। विपक्षी नेताओं ने मामले की व्यापक निंदा की है। मणिपुर के एक आदिवासी संगठन ने आरोप लगाया है कि दो महिलाओं के साथ एक खेत में सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। विपक्षी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने बीते दिन ही मणिपुर की दो दिवसीय यात्रा कर वहां के लोगों के मुद्दे उठाए हैं। नेताओं ने मणिपुर की राज्यपाल को भी उचित कदम उठाने की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा है।



## पीएम मोदी मेट्रो प्रोजेक्ट समेत कई और परियोजनाओं की देंगे सौगात, राष्ट्रीय पुरस्कार से भी होंगे सम्मानित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**पुणे।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को महाराष्ट्र के पुणे का दौरा करेंगे। इस दौरान वो विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने रविवार (30 जुलाई) को एक बयान में कहा कि पीएम मोदी मंगलवार को मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे और लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार भी ग्रहण करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को महाराष्ट्र के पुणे का दौरा करेंगे। इस दौरान वो विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि पीएम मोदी मंगलवार को मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे और लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार भी ग्रहण करेंगे। अपने आगमन के बाद पीएम मोदी 1 अगस्त को सुबह 11 बजे दगडूशेठ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे।अपने आगमन के बाद पीएम मोदी 1 अगस्त को सुबह 11 बजे दगडूशेठ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद वह लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय सम्मान कार्यक्रम में पहुंचेंगे। 11.45 बजे उनको सम्मानित किया जाएगा।आयोजकों ने पहले कहा था कि इस कार्यक्रम के लिए राकांपा प्रमुख शरद पवार को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। वहीं, पीआईबी के बयान में कहा गया है कि यह पुरस्कार उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने देश की प्रगति और विकास के लिए काम किया है और जिनके योगदान को केवल उल्लेखनीय और असाधारण के रूप में देखा जा सकता है। बयान में कहा गया है कि इसे हर साल 1 अगस्त को लोकमान्य तिलक की पुण्य तिथि पर प्रस्तुत किया जाता है। पीएम मोदी इस पुरस्कार के 41वें प्राप्तकर्ता होंगे। इसे पहले डॉ. शंकर दयाल शर्मा, प्रणब मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी, इंदिरा गांधी, मनमोहन सिंह, एनआर नारायण मूर्ति, ई श्रीधरन जैसे दिग्गजों के सामने प्रस्तुत किया जा चुका है। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री दोपहर 12.45 बजे मेट्रो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे और विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। मोदी पुणे मेट्रो चरण घ् के दो गलियारों के पूर्ण खंडों पर सेवाओं के उद्घाटन के अवसर पर मेट्रो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। ये खंड फुगेवाड़ी स्टेशन से सिविल कोर्ट स्टेशन और गरवारे कॉलेज स्टेशन से रूबी हॉल क्लिनिक स्टेशन तक हैं। इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास भी पीएम मोदी ने 2016 में किया था। नए खंड पुणे शहर के महत्वपूर्ण स्थानों जैसे शिवाजी नगर, सिविल कोर्ट, पुणे नगर निगम कार्यालय, पुणे आरटीओ और पुणे रेलवे स्टेशन को जोड़ेगा। बयान में कहा गया है कि पीएम मोदी पिंपरी चिंचवड़ नगर निगम (पीसीएमसी) के तहत अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र का भी उद्घाटन करेंगे। लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से विकसित यह संयंत्र, बिजली उत्पादन के लिए सालाना लगभग 2.5 लाख मीट्रिक टन कचरे का उपयोग करेगा।इसके अलावा, सभी के लिए आवास हासिल करने के मिशन की दिशा में आगे बढ़ते हुए पीएम मोदी पीसीएमसी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित 1,280 से अधिक घरों को सौंपेंगे। वह पुणे नगर निगम द्वारा निर्मित 2,650 से अधिक पीएमएवाई मकान भी सौंपेंगे।पीएम मोदी पीसीएमसी द्वारा निर्मित लगभग 1,190 पीएमएवाई घरों और पुणे महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित 6,400 से अधिक घरों की आधारशिला भी रखेंगे।



## आईटी समिति की रिपोर्ट पेश करने की नहीं दें अनुमति, माकपा सांसद ने दोनों सदनों को लिखा पत्र

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** माकपा सांसद जॉन ब्रिटास ने लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से उन्होंने डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण विधेयक पर टिप्पणी करने वाली संसदीय समिति की रिपोर्ट को पेश करने की अनुमति नहीं देने का आग्रह किया है। उन्होंने दावा किया कि विधेयक को कभी समिति को भेजा ही नहीं गया है माकपा सांसद जॉन ब्रिटास ने लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से उन्होंने डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण विधेयक पर टिप्पणी करने वाली संसदीय समिति की रिपोर्ट को पेश करने की अनुमति नहीं देने का आग्रह किया है। उन्होंने दावा किया कि विधेयक को कभी समिति को भेजा ही नहीं गया है। फाइल फोटो। उन्होंने दोनों सदनों को निर्देशित करने वाले नियमों का हवाला देते हुए पत्र में कहा कि संसदीय स्थायी समितियों को ऐसे विधेयकों की जांच करने से प्रतिबंधित किया गया है, जिन्हें पेश करने के बाद पास होने के लिए लोकसभा अध्यक्ष अथवा राज्यसभा के सभापति के पास नहीं भेजा गया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण विधेयक न तो अब तक संसद के सदनों में पेश किया गया और न ही लोकसभा अध्यक्ष अथवा राज्यसभा के सभापति ने इसे जांच के लिए स्थायी समिति को भेजा। केरल से सांसद जान ब्रिटास संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी की स्थायी समिति के सदस्य है। इसकी अध्यक्षता शिवसेना सांसद प्रताप जाधव करते हैं। उन्होंने कहा कि स्पष्ट है कि 26 जुलाई 2023 को संचार और सूचना प्रौद्योगिकी पर स्थायी समिति की रिपोर्ट अपनाई जानी थी लेकिन इसे नहीं अपनाया गया।



### 'योजनाबद्ध हंगामों से सदन की गरिमा हो रही कम'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गुवाहाटी।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधानसभाओं के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह लोकतंत्र के मंदिर हैं, लेकिन योजनाबद्ध तरीके से किए जाने वाले हंगामों से सदन की गरिमा कम हो रही है। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि असम विधानसभा का नया भवन न केवल आत्मनिर्भर भारत का बल्कि नए आत्मनिर्भर असम का भी प्रतीक है। नवीनतम प्रौद्योगिकी के उपयोग से आधुनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बनाया गया नया भवन नवीनतम सुविधाओं से सुसज्जित है और इसमें अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा और लोकसभा में कोई व्यवधान नहीं होना चाहिए। सदन की कार्यवाही में निरंतर व्यवधानों पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा और लोकसभा में कोई व्यवधान नहीं होना चाहिए।

### 'मणिपुर हिंसा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**इंफाल।** विपक्षी दलों के गठबंधन आइएनडीआइए ने रविवार को कहा कि मणिपुर हिंसा सीधे-सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। अगर मणिपुर में करीब तीन महीने से चल रही जातीय हिंसा के मुद्दे को जल्द हल नहीं किया जाता है तो इससे देश के लिए सुरक्षा संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि राज्यपाल ने हमारी बातें सुनीं और उन पर सहमति जताई। चौधरी ने कहा कि राज्यपाल का भी सुझाव था कि मैतेई तथा कुकी समुदायों के बीच अविश्वास खत्म करने के लिए सभी दलों के एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल को उनसे बातचीत करने के लिए मणिपुर का दौरा करना चाहिए।

## मदुरै जिले में कार और कंटेनर के बीच जोरदार टक्कर, हादसे में चार लोगों की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**तमिलनाडु।** मदुरै जिले के थिरुमंगलम के पास एक कार और कंटेनर ट्रक की टक्कर से बड़ा सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इससे पहले बीते शनिवार सुबह तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले में वेप्पुर के पास एक कार के सड़क किनारे खाई में गिर जाने से चार लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने कहा कि हादसा त्रिची-चेन्नई राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ था। एक अधिकारी ने कहा, ठमृतक अजित अपनी पत्नी, बच्चे और सास के साथ चेन्नई से थेनी जा रहे थे, तभी शनिवार सुबह कार अनियंत्रित हो गई और चेपक्कम फ्लाईओवर के बगल में वेप्पुर के पास सड़क किनारे खाई में जा गिरी। पीड़ितों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।



## श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी के निर्देश के क्रम में सोमवार को सावन मास के अवसर पर जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, डीसीपी गंगापार अभिषेक भारती, डीसीपी अभिनव त्यागी ने दशाश्वमेध घाट सहित अन्य घाटों, कांवड़ यात्रा मार्गो, मनकामेश्वर मंदिर, पड़िला महादेव मंदिर पर कावड़ियों/श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की।जिलासूचनाधिकारी प्रयागराज कार्यालय द्वारा प्राप्त समाचार।

## झूंसी के हेतापट्टी गांव में फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव, नशेड़ी पति ने मारकर फांसी पर लटकाया पिता ने लगाया आरोप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** झूंसी के हेतापट्टी के फिरोजपुर गांव में विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई। विवाहिता के पिता का आरोप है कि नशेड़ी पति ने मारपीट कर फंदे पर लटका दिया। चार साल पहले उसकी शादी हुई थी। फिरोजपुर हेतापट्टी गांव निवासी मनोज यादव की शादी चार साल पहले थाना विश्वविद्यालय, रीवा, मध्य प्रदेश की रहने वाली सुमन यादव (24) साथ हुई थी। मनोज यादव प्राइवेट वाहन चलाता है। उसके एक बेटे और एक बेटी है। सुमन यादव के पिता छेदीलाल यादव ने बताया कि शनिवार दोपहर में उसकी बेटी सुमन ने फोन करके बताया था कि मनोज यादव ने नशे की हालत में उसके सिर पर हथौड़े से वार किया है। जिससे उसे गंभीर चोट लगी है। आप लोग आ जाइए, नहीं वह मुझे जान से मार देगा देगा। पिता छेदीलाल ने बेटी को समझा-बुझाकर शांत करा दिया। रविवार को दोपहर में पिता छेदीलाल को सूचना दी गई कि उसकी बेटी ने सुसाइड कर लिया है।



मृतका पति के साथ

## डॉ के. एजिलरसन बने वाराणसी कमिश्नरेट के नए संयुक्त पुलिस आयुक्त, पहली बार हुआ ये बदलाव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** अपर पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए। वह एक साल से ज्यादा समय से वाराणसी में तैनात थे। उनकी तैनाती मई 2022 में हुई थी। अपर पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने ही एक स्कूल प्रबंधन से वीडियो कॉल के जरिये रुपये मांगने के आरोपी आईपीएस अनिरुद्ध सिंह के खिलाफ जांच की थी। शासन ने डॉ के. एजिलरसन को वाराणसी कमिश्नरेट का नया संयुक्त पुलिस आयुक्त बनाया है। वह यूपी 112 में बतौर पुलिस महानिरीक्षक तैनात थे। यह पहला मौका है, जब पुलिस महानिरीक्षक को संयुक्त पुलिस आयुक्त बनाकर भेजा गया है। इससे पहले डीआईजी स्तर के आईपीएस को तैनाती मिलती रही है। अपर पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए। वह एक साल से ज्यादा समय से वाराणसी में तैनात थे। उनकी तैनाती मई 2022 में हुई थी। अपर पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने ही एक स्कूल प्रबंधन से वीडियो कॉल के जरिये रुपये मांगने के आरोपी आईपीएस अनिरुद्ध सिंह के खिलाफ जांच की थी। इसकी रिपोर्ट पुलिस आयुक्त के जरिये पुलिस महानिदेशक को भेजी गई थी। आईपीएस की भूमिका गलत ठहराई गई थी। वह मूलरूप से जौनपुर के रहने वाले हैं, लेकिन ज्यादातर नौकरी वाराणसी में ही की है। सीओ के साथ एसपी सिटी व एटीएस के एसपी भी रह चुके हैं। चंदौली जिले में तैनाती के दौरान आईपीएस बनाए गए, फिर बुलंदशहर के एसएसपी बने। इसके बाद वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट में अपर पुलिस आयुक्त के रूप में तैनाती मिली।



## महिला ने बच्चों पर उतारा पति का गुस्सा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** मासूम बेटी और भांजी पर चाकू से किया हमला, इस कारण थी नाराज
भदोही जिले के सहसेपुर गांव में पति से विवाद के बाद महिला के सिर पर खून सवार हो गया। सब्जी काटने वाले चाकू से अपनी मासूम बेटी और भांजी पर चाकू से हमला कर दिया। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई। यूपी के भदोही जिले के सहसेपुर गांव में सोमवार को पति से विवाद के बाद महिला ने अपनी मासूम बेटी और भांजी पर चाकू से हमला कर दिया। जिसमें बेटी और भांजी गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल ज्ञानपुर रेफर किया गया। पुलिस ने पति और पत्नी को हिरासत में लिया है। सहसेपुर गांव की खरका बस्ती में सोमवार सुबह सूरज और उसकी पत्नी प्रीति के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दोनों में बहस इतनी बढ़ गई कि सब्जी काटने वाले चाकू से प्रीति ने पति, चार साल की बेटी परी और सात साल की भांजी फ्रूटी पर हमला कर दिया। शरीर के कई अंगों पर चाकू लगने से परी और फ्रूटी गंभीर रूप से घायल हो गई। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे लोग बच्चों को लहूलुहान हाल में देख सहम गए। आसपास के लोगों ने किसी तरह से महिला के हाथ से चाकू छीना।

## बीच सड़क पर आग का अंगारा बनी कार, लोगों में अफरा-तफरी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** सूचना पर फायरकर्मियों के साथ पंहुचे सीएफओ व एफएसओ सिविल लाइन प्रयागराज के सिविल लाइंस में सड़क पर एक कार में आग लग गई। आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना पर फायर सर्विस के अधिकारी व कर्मचारी पंहुचे और आग पर काबू पाया। तब तक कार जलकर राख हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर करीब साढ़े ग्यारह बजे प्रयागराज शहर के सिविल लाइंस में सड़क पर गैस लीकेज से एक फोर्ड कंपनी की कार में आग लग गई और कार आग का गोला बन गई जिससे हड़कंप मच गया। सूचना पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रयागराज डॉ आर के पाण्डेय, फायर सर्विस आफिसर सिविल लाइंस फायरकर्मियों के साथ पंहुचे और आग बुझाने में जुट गए। फायरकर्मियों ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया तब तक कार जलकर राख हो गई। सीएफओ डॉ आर के पाण्डेय ने बताया कि सोमवार दोपहर कार में आग लगने की सुचना मिली। सुचना के आधार पर थाना सिविल लाइन अंतर्गत लोहिया मार्ग पर कार में लगी आग को बुझाने के लिए फायरकर्मियों को लेकर तत्काल पंहुचकर कार में लगी आग को पूर्ण रूप से बुझाया गया। इस दौरान फायर सर्विस आफिसर सिविल लाइन व अग्निशमन द्वितीय अधिकारी अवध नारायण के साथ कई फायरकर्मी मौजूद रहे।



## आज कौशिकी सौंधी, जो की केवल एक लेखक नहीं ब्लकी व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** सहायक प्रोफेसर और छात्र परामर्शदाता, पूर्व प्राचार्य और भारत विश्वविद्यालय, श्री वेंकटेश्वर कॉलेज, ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल, नरनारायण शास्त्री इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, स्पोर्ट्स इंडिया एसोसिएशन ऑफ इंडिया, श्री स्वामी नारायण ज्ञानभाग गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल और कई अन्य शैक्षणिक संस्थान के साथ सलाहकार की तरहकाम कर रही है, जो की महान प्रशिक्षकों में से एक है, वह अपने विचार कूटनीतिक और सामरिक कौशल पर साझा कर रही है। टेलीफोनिक नैतिकता व्यक्तित्व को निखारने के लिए, पेशेवरों को न केवल कार्यस्थल में कुशल होने की आवश्यकता है, बल्कि कार्य क्षेत्र के बाहर फोन पर एक पेशेवर छवि पेश करने की क्षमता भी होनी चाहिए, जो कॉर्पोरेट जगत में महत्वपूर्ण है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि सही उच्चारण, टोन, पिच, बोलने की दर और डेटा की पेशकश करते हुए कॉल से कैसे संवाद करे। फ़ोन पर संचार करते समय पेशेवर दिखना आसान लग सकता है, हालाँकि सुधार के लिए हमेशा एक मंच होता है। अगला टेलीफोन शिष्टाचार दिशानिर्देश आपको किसी कॉर्पोरेट क्षेत्र से बातचीत करते समय हमेशा एक पेशेवर छवि प्रदर्शित करने में मदद कर सकते हैं, भले ही आपकी नौकरी का शीर्षक कुछ भी हो, चाहे आप एक रिसेप्शनिस्ट, ग्राहक सेवा जवाबदेह, कार्यकारी सचिव, या किसी अन्य पेशेवर क्षमता में कार्य करते हों। यह सोचना आवश्यक है कि किसी व्यक्ति या कार्यस्थल के साथ अपने पहले संपर्क के बारे में कोई कैसा महसूस करता है। क्योंकि वे अधिक अंतरंग होते हैं और साथ ही उपभोक्ताओं को व्यवसाय की छवि के बारे में उत्साहजनक पहली छाप बनाने का मौका देते हैं, फोन पर बातचीत व्यावसायिक संचार का एक पसंदीदा तरीका है। आप अपनी विनम्रता का प्रदर्शन कर सकते हैं और सही फोन शिष्टाचार का उपयोग करके खुद को या जिस व्यवसाय का आप प्रतिनिधित्व करते हैं उसे सर्वोत्तम संभव रोशनी में रख सकते हैं। सकारात्मक मुलाकातें एक सकारात्मक प्रभाव पैदा करती हैं जो किसी व्यवसाय की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। सक्रिय सुनने की पद्धति, शब्द चयन, आवाज का स्वर और पिच टेलीफोन शिष्टाचार के महत्वपूर्ण घटकों में से हैं। हम सभी चरणों का पालन करके टेलीफोन शिष्टाचार सीख सकते हैं जैसे कॉल का जवाब जल्द देना चाहिए, तेजी से उत्तर देना व्यावसायिकता को दर्शाता है और आपके कॉल करने वालों को ऐसा महसूस कराता है कि आपकी बात सुनी जा रही है, बातचीत को बहुत आरामदायक और आसान बनाए रखने के लिए कॉल पर स्वयं का परिचय आवश्यक है, जब आप सकारात्मक स्वर के साथ संवाद करते हैं, तो आपमें विश्वास बनने की अधिक संभावना होती है। अपनी आवाज़ और स्वर को ठीक करने के लिए दर्पण के सामने बोलने का अभ्यास करना एक अच्छा विचार है, लचीला दृष्टिकोण, यदि वे औपचारिकताओं को छोड़कर मुद्दे पर आना चाहते हैं, तो आपको उन्हें सहज बनाने के लिए जितना संभव हो उतना लचीला होना चाहिए, सक्रियता से सुनना, संदेश के वितरण में ध्यान भटकाने का कारण गलत संचार और शोर हो सकता है। बातचीत पर नज़र रखने और अपने नोट्स का उपयोग करके संदेश भेजने के बाद उचित प्रतिक्रिया के साथ आवश्यक और उचित प्रतिक्रियाएँ उत्पन्न करने के लिए नोटपैड का उपयोग करें। फीडबैक से आपको अपने व्यक्तित्व का मूल्यांकन करने में मदद मिलेगी जहां उसे निखारने की जरूरत है, प्रत्येक सफल बातचीत का रहस्य आत्मविश्वास है। आज आपके व्यक्तित्व के हर क्षेत्र को निखारने की जरूरत है, चाहे वह मौखिक हो या गैर मौखिक।



## आत्महत्याः ब्लैकमेलिंग का शिकार इंटर की छात्रा ने की आत्महत्या,3 के खिलाफ़ एफआईआर, एक गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** नैनी में छात्रा के सुसाइड प्रकरण में पुलिस ने 3 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। लड़की के पिता ने मोहल्ले के रहने वाले तीन लड़कों के खिलाफ बेटी को ब्लैकमेल करने और धमकी देने की एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें पुलिस ने एक युवक की गिरफ्तारी कर लिया है। दो कि अभी तलाश की जा रही है। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन लड़की का शव लेकर पैतृक गांव बिहार चले गए। 30 जुलाई को विजय कुमार पांडेय ने नैनी कोतवाली में मोहल्ले प्रीतम सिंह पुत्र विपिन सिंह उसके भाई पीयूष सिंह और दोस्त राजू पांडे के खिलाफ नामजद तहरीर दी। उन्होंने तहरीर में आरोप लगाया कि तीनों लड़के उनकी बेटी को लगातार परेशान करते थे। इससे पहले 27 अप्रैल 2021 को इन लोगों ने घर में घुसकर उनकी बेटी के साथ छेड़खानी, मारपीट गाली-गलौज किया था। जिसमें उन्होंने नैनी कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई थी। बाद में दबाव में आकर उन्होंने समझौता कर लिया था। पिता के मुताबिक कुछ दिनों से लगातार उनकी बेटी को परेशान किया जा रहा था। एक मोबाइल नंबर से उसे धमकी दी जा रही थी। अश्लील मैसेज भेजे जा रहे थे और ब्लैकमेल किया जा रहा था। जिससे परेशान होकर उनकी बेटी ने फांसी लगा ली। इन लड़कों का जब वह विरोध करते थे, वह लोग इन्हें धमकाते थे। इंस्पेक्टर नैनी वीरेंद्र सिंह यादव का कहना है कि छात्रा के पिता की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज करने के बाद मुख्य आरोपी पीयूष सिंह पुत्र विपिन सिंह निवासी सलेमपुर, थाना सूर्यगढा, बिहार, हाल पता बैधनाथ कालोनी, नैनी को रविवार शाम को बैधनाथ कालोनी गेट नं0-3 के पास मिर्जापुर रोड से गिरफ्तार कर लिया गया। बाकी दो आरोपियों की तलाश की जा रही है।






# साहित्यकार व शिक्षा वादी थे कवि बाबू चंद्रमा कौशलेंद्र नारायण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी/हरहुआ।** शिक्षा और साहित्यकार में बड़े ही कर्मठ के व्यक्तित्व थे बाबू चंद्रमा सिंह स्थित बैजलपट्टी राजेश्वरी बालिका इण्टर कालेज में कथाकार मुंशी प्रेमचंद



एवं कवि बाबू चंद्रमा सिंह का जन्मदिवस हर्षोल्लास से मनाया गया उक्त अवसर पर प्रबंधक कौशलेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि बाबू चंद्रमा सिंह एक उच्च कोटि के साहित्यकार,कवि और शिक्षाविद थे इन्होंने अपने अंतिम सांस तक कविता के लेखनी से समाज को एक नई दिशा देते रहे उन्होंने कहा कि कथाकार उपन्यासकार मुंशी प्रेमचन्द अकेले उपन्यास में ही नही बल्कि कथाओं और लेखों से जन मानस को जगाने के काम करते रहे वे किसानों की सामाजिक आर्थिक मुक्ति के पक्षधर थे ठआहुति,कफन पुस की रात,सवा सेर गेहूं उनकी कहानियों में किसान और खेतिहर मजदूर ही उनके नायक है बाबू चन्द्रमा सिंह की कविताओं मेंठ बाहों पर आकाश,सीमेंट का आदमी,पत्थर का शहर,सूरज पर रोशनी का हक है, जैसी अनेक जैसी अनेक रचनाएं लोगो को प्रेरित करती रही है इस अवसर पर बच्चों ने मुंशी प्रेमचंद के चित्र भी उकेरे जिसमें सुहेल सिंह, अंशु मदेशिया, किशन यादव,नैंसी यादव,निधि ने प्रतिभाग किए भाषण प्रतियोगिता में अंकुर सिंह, खुशी सिंह , सब परवीन,मोहिनी,आकृति ने अपने विचार प्रकट किए नाटक में प्रेमचंद द्वारा लिखित कहानी ठमंत्रठके आधार पर नाटक की प्रस्तुति निहारिका,मानसी, संस्कृति पाण्डेय, अनुष्का सिंह,संस्कृति गुप्ता के द्वारा किया गया कविता वचन में रिया सिंह और संतोष विश्वकर्मा ,कुलदीप सिंह ,मनोज यादव,डॉक्टर सर्वदेव सिंह, मंजू सिंह और सिरिष कांत पांडे ,प्रेमा सिंह, सुनीता गुप्ता और सभी अध्यापक/अध्यापिकाओं ने अपने विचार प्रकट किए वहीं कार्यक्रम का संचालन अशोक सिंह ने किया।

# मीनाक्षी कात्यायन भदोही की नई पुलिस अधीक्षक, अनिल कुमार को चंदौली भेजा गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** शासन की ओर चार आईपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण हुआ। जिसमें भदोही जिले में पिछले दो वर्ष से तैनात पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार का स्थानांतरण चन्दौली पुलिस अधीक्षक के पद पर कर दिया गया है।ज्ञानपुर में दो सालों से अधिक समय तक जिले में तैनात पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार का स्थानांतरण चंदौली कर दिया गया है। उनके स्थान पर गौतमबुद्ध नगर की पुलिस उपायुक्त मीनाक्षी कात्यायन को जिले का नया कप्तान बनाया गया है।शासन की ओर चार आईपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण हुआ। जिसमें भदोही जिले में



पिछले दो वर्ष से तैनात पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार का स्थानांतरण चन्दौली पुलिस अधीक्षक के पद पर कर दिया गया है। गौतमबुद्ध नगर जिले में तैनात 2014 बैच के आईपीएस मीनाक्षी कात्यायन को भदोही जिले का नया कप्तान बनाया गया है।

# मिर्जामुराद में एंबुलेंस के टक्कर से घायल कांवड़िए की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।**तीन दिन पहले हुआ था हादसा, मचा कोहराममृतक कई वर्षों से मिर्जामुराद बाजार में कपड़े की दुकान खोलकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बता दें कि मिर्जामुराद क्षेत्र के ठठरा ( कछवारोड ) गांव निवासी संदीप कनौजिया (40 वर्ष) अपने दर्जनों कांवरिया टीम के साथ प्रयागराज से जल लेकर बाबा विश्वनाथ जी का जलाभिषेक करने के लिए वाराणसी के लिए जा रहे थे। मिर्जामुराद क्षेत्र के रखौना गांव स्थित फुट ओवरब्रिज के समीप एन एच-19 के सुरक्षित कांवरिया लेन पर तीन दिन पूर्व वाराणसी से कछवां रोड की तरफ जा रही है एंबुलेंस के चपेट में आने से क्षेत्र के ठठरा (कछवारोड) निवासी संदीप कनौजिया (उम्र 40) गंभीर रूप घायल हो गए थे। कांवरिया की ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मंगलवार की तड़के मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी संगीता देवी व माता मनतोरा देवी तथा पिता सतनारायण का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक को



शिवम व मोदी नाम के दो पुत्र व शिवानी व लाडो नाम के दो पुत्रियां हैं। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक कई वर्षों से मिर्जामुराद बाजार में कपड़े की दुकान खोलकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बता दें कि मिर्जामुराद क्षेत्र के ठठरा ( कछवारोड ) गांव निवासी संदीप कनौजिया (40 वर्ष) अपने दर्जनों कांवरिया टीम के साथ प्रयागराज से जल लेकर बाबा विश्वनाथ जी का जलाभिषेक करने के लिए वाराणसी के लिए जा रहे थे। तीन दिन पूर्व बीते शनिवार की देर शाम रखौना गांव स्थित ओवरब्रिज के समीप कांवरिया सुरक्षित लेन पर प्रयागराज से वाराणसी की तरफ जा रही एक एंबुलेंस के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची मिर्जामुराद पुलिस ने मौके पर पहुंच घायल कांवरिया को इलाज हेतु एंबुलेंस से ट्रामा सेंटर भेज दी। घायल कांवरिया कि टीम इसकी सूचना परिजनों को दिया। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए और दर्जनों कांवरिया संग सड़क पर हंगामा करते हुए मौके पर एंबुलेंस को बुलाने की जिद पर अड़े रहे। तीन घंटे तक हाईवे पर जाम कर हंगामा करते रहे। मौके पर पहुंचे आला अधिकारियों ने एंबुलेंस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कांवरियों को समझा-बुझाकर जाम को समाप्त कराया।

# अनियंत्रित होकर ऑटो डिवाडर से टकराया ऑटो में बैठे तीन लोग घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र के डीडी गुप्ता पेट्रोल टंकी के पास आज रविवार दोपहर लगभग 12 बजे डॉ0 ए के गुप्ता अपने बिटिया का एडमिशन कराने के लिए वाराणसी जाने के लिए डाला से चोपन ऑटो से आते समय करीब 12 बजे के करीब डीडी गुप्ता पेट्रोल पंप के पासऑटो चालक का बैलेंस बिगड़ने से रोड पर ड्रम डायवर्जन के लिए रखे हुए थे जिसमे ऑटो जा टकराया जिसमें सवार डाला निवासी अजय कुमार गुप्ता उर्फ डॉ0 एके गुप्ताअपनी पत्नी एव बिटिया के साथ बनारस के लिए चोपन बस पकड़ने के लिए आ रहे थे जिसमें डिवाइडर पर रख रखे हुए ड्रम में धक्का लगने के कारण ऑटो में बैठे हुए लोग घायल हो गए वही सभी लोगो को चोपन तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन में लाया गया जहाँ पर डॉ0 एके गुप्ता व उनकी पत्नी को हल्की फुल्की चोट आई थी जिसको दवा इलाज किया गया जिसमें वही उनकी पुत्री उन्नति गुप्ता उर्म 21 वर्ष को बाया पैर कमर के नीचे गंभीर चोट आने के कारण चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था जिसको डॉक्टर ने गंभीर चोट देखते हुए ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर किया गया डॉ0 ए के गुप्ता को कमर में चोट आई और उनकी पत्नी को भी कमर में चोट लगा हुआ है जिससे दोनों लोग हॉस्पिटल से दवा लेने के बाद बच्ची को लेकर बेहतर इलाज के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रवाना हुए।




# नवागत मण्डल रेल प्रबंधक ने औड़िहार-छपरा रेल खण्ड का विण्डो ट्रेलिंग संरक्षा किया निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।**पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी विनीत कुमार श्रीवास्तव ने आज रविवार को रेल परिचालन में संरक्षा, यात्रियों की सुरक्षा,यात्री सुख सुविधाओं के विकास कार्यों एवं इस रेल खण्ड पर चल रहे परिचलनिक सुधार एवं विकास कार्यो हेतु औड़िहार-छपरा रेल खण्ड का विण्डो ट्रेलिंग संरक्षा निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बलिया रेलवे स्टेशन पर स्टेशन सुंदरीकरण एवं अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का गहन निरीक्षण कर संबंधित को सभी कार्य गुणवत्ता मानकों के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। मंडल रेल प्रबंधक अपने विन्डो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान औड़िहार-छपरा रेल खण्ड पर परिचालन में संरक्षा, विकास कार्यों की प्रगति,यात्री सुविधाओं, साफ-सफाई ,पेयजल की उपलब्धता,अस्थाई सतर्कता आदेशों का अनुपालन एवं संरक्षा से जुड़े कर्मचारियों के सक्षमता एवं पी एम ई प्रमाण पत्रों की जाँच की भी कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पैनल, स्टेशन भवन,प्लेटफॉर्म, आधुनिक शेड,पैदल उपरिगामी पुल, फूड एवं वेंडिंग स्टाल, प्रतीक्षालय, सर्कुलेटिंग एरिया, प्रवेश एवं निकास




मार्ग,साफ-सफाई तथा रख-रखाव आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संरक्षा से जुड़े रिले रूम,आईपीएसरूम, पॉइंट्स क्रासिंग,चाभी हस्तांतरण, अनुरक्षण पंजिका,निरस्तीकरण काउन्टर एवं रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया व संरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक(इन्फ्रा)राहुल श्रीवास्तव,मुख्य परियोजना प्रबंधक(गति शक्ति) कौशलेश सिंह,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) राकेश रंजन,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर प्रथम ऋषि श्रीवास्तव,वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान,वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीजिनर(समान्य) पंकज केशवानी,वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अजय प्रताप सिंह,वरिष्ठ मंडल सिंगनल एवं दूरसंचार इंजीजिनर प्रथम रजत प्रिय, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (वर्क्स )अभिनव पाठक, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (रि्श्)अपूर्व,वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ अभिषेक,वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री समीर पॉल,वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर (कर्षण)आर एन सिंह, सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी आनन्द कुमार सहित वरिष्ठ पर्वेक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे। पूर्वोत्तर रेलवे मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी के जनसम्पर्कअधिकारी अशोक कुमार ने मीडिया को बताया कि अपने विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने उक्त रेल खण्ड के रेल पथ,रेल बैलास्ट,ट्रैक स्क्रीनिंग, ओवर हेड ट्रैक्शन, एलाइनमेंट, काशन ऑर्डर एवं ट्रैक फिटिंग्स की संरक्षा बारीकियों से परख संबंधित अधिकारियो को कड़े निर्देश दिए।

# पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि की गोली लगने से मौत, दामाद घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।**नगर पंचायत बांसडीह के पूर्व अध्यक्ष रेनू सिंह के भसुर थे। सोमवार की देर रात वे पूर्व चेयरमैन नंदलाल सिंह की पुत्री के घर वार्ड नंबर 10 स्थित आवास पर गए थे। किसी बात को लेकर विवाद हो गया है और गोली चल गयी। गोली चलने से शत्रुघ्न सिंह व दामाद दोनों घायल हो गये। बांसडीह नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रेनू सिंह के प्रतिनिधि शत्रुघ्न सिंह की उभांव थाना क्षेत्र के बेल्थरारोड कस्बे में सोमवार की देर रात आपसी कलह में गोली लगने से मौत हो गई। घटना में बेल्थरारोड नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 निवासी मनीष सिंह (40 साल) घायल हो गये। पुलिस कोमल सिंह की तहरीर पर चचेरे दामाद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच कर रही है। दामाद मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा है। शत्रुघ्न सिंह नगर पंचायत बांसडीह के पूर्व अध्यक्ष रेनू सिंह के भसुर थे।

सीधे प्रवेश
नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
15% Fee Concession
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
पहले आओ पहले पाओ
15% Fee Concession



- कम्प्यूटर हार्डवेयर
- डाटा इंट्री ऑपरेटर
- फायर सेफ्टी
- कम्प्यूटर ऑपरेटर (कोपा)
- कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग
- इलेक्ट्रीशिन
- सीएनसी प्रोग्रामिंग
- इलेक्ट्रिक मैकेनिक
- बेसिक कम्प्यूटिंग
- सीसीए
- वेल्डर
- फिटर
- रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
- सिक्योरिटी सर्विस

Apply Online: www.nainiiti.com
प्रवेश हेल्पलाइन नं.:
8081180306,9415608710,8103021873

एमटेक कैम्पस, 'बी' ब्लाक, ए.डी.ए. कालोनी (पुलिस चौकी के पीछे), नैनी, प्रयागराज।
C-41 औद्योगिक थाने के पीछे औद्योगिक क्षेत्र UPSIDC नैनी, प्रयागराज।

# शिव की नगरी काशी में लहराया श्रद्धा का सावन, चौथे सोमवार पर कण-कण बोला बम-बम भोला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** सावन के चौथे और पुरुषोत्तम मास के दूसरे सोमवार पर श्री काशी विश्वनाथ धाम में आस्था की अनवरत गंगा प्रवाहमान हो उठी। गलियों से धाम तक भक्तों का ऐसा रेला उमड़ा की काशी का कण-कण से बम-बम भोले का जयघोष गुंजायमान हो उठा। मंगला आरती से शुरू हुआ दर्शन पूजन और अभिषेक का सिलसिला वाले रास्ते पर कतार चौक से आगे पहुंच चुकी थी। सावन के चौथे सोमवार पर काशी का कण-कण शिवमय हो उठा। गोदौलिया क्षेत्र की सड़कें, गलियां सब महादेव की भक्ति में सराबोर रहीं। उमस भरी गर्मी के बीच भक्तों की टोलियां कतारबद्ध होकर भोले के दर्शन के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रही है। पूरे मंदिर परिसर को फूल और पत्तियों से सजाया



अनवरत चलता रहा। शाम को पांच बजे तक पांच लाख से अधिक शिवभक्तों ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में दर्शन-पूजन और जलाभिषेक किया। बीती रात से ही कांवड़िए बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक करने के लिए कतारबद्ध हो रहे थे।मंगला आरती के बाद जैसे ही मंदिर के कपाट आम श्रद्धालुओं के लिए खोले गए तो रात भर से कतारबद्ध शिवभक्तों का जोश देखते ही बन रहा था। हर-हर महादेव, बोल-बम, काशी विश्वनाथ शंभू का जयघोष करते हुए कांविड़यों का रेला मंदिर परिसर में उमड़ पड़ा। गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण ललिता घाट से प्रवेश बंद रहा।भीड़ का आलम यह था कि एक कतार बांसफाटक गोदौलिया होते हुए दशाश्वमेध घाट तो दूसरी गिरजाघार चौराहा होते हुए लक्सा की ओर वहीं गेट नंबर चार से मैदागिन की ओर आने गया। कैथी मार्कंडय महादेव, बीएचयू विश्वनाथ, गौरी केदारेश्वर समेत जिले के अन्य शिवालयों में भी बाबा भक्तों की भीड़ उमड़ी। गंगा घाट से बाबा के धाम तक आस्थावानों की ऐसी कतार उमड़ी है कि महादेव की नगरी शिवभक्तों से बम-बम हो उठी। स्वर्ण शिखर वाले स्वर्णमंडित गर्भगृह में विराजमान बाबा विश्वनाथ भक्तों को झांकी दर्शन दे रहे हैं। बाबा विश्वनाथ ने सावन के चौथे सोमवार को भागीरथी स्वरूप में दर्शन दिया। सोमवार की भोर में मंगला आरती की तैयारियां शुरू हुईं तो कतारबद्ध कांवड़ियों की हलचल भी बढ़ गई। बीती रात से ही कतार में लगे श्रद्धालु चैतन्य हो उठे और हर-हर महादेव... के जयकारे से काशी की गलियां गूंज उठीं। धाम को जाने वाले रास्ते से लेकर गंगा के तट तक भक्तों की कतार लगी हुई थी।

# बेसूध बैठा पड़े बिजली विभाग के अधिकारी कर रहे खानापूर्ति। महीनों से बस्ती में बिजली आपूर्ति बाधित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**रावट्र्सगंज।** शिकायत और सबूत के बाद भी नहीं हुई दोषियों पर कोई कार्रवाई। पूरा मामला जनपद सोनभद्र के रावट्र्सगंज कोतवाली अंतर्गत सुकृत पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा गौरही का है जहां 10 अप्रैल 2023 को एक वाहन के टक्कर से बिजली का खंभा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर तीन टूकडों में बट गया। उक्त समय बिजली भी थी लेकिन सहुलियत इस बात की रही कि इस टक्कर के तुरंत बाद ट्रांसफार्मर का फ्यूज ही उड़ गया। आपको बताते चलें कि यह क्षेत्र सुकृत पावरहाउस (33/11) के अन्तर्गत आता है। उक्त मामले में स्थानीय लोगों ने तत्काल फ़ोन के जरिए विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारियों को सूचित किया। आनन फानन में अधिकारियों ने गाड़ी को पकड़ा भी मगर पता नहीं क्या सोच विचार कर गाड़ी पर कोई कार्रवाई किए वगैर छोड़ दिए। और उक्त मामले को बीते लगभग ढाई महीने के करीब है गए मगर अभी तक न ही उस गाड़ी पर कोई कार्रवाई हुई और न ही खंभा लगाकर विद्युत आपूर्ति को चालू किया गया। वहीं ग्रामीण अधिकारियों की इस लापरवाही से बेहद नाखूश हैं। अब देखना यह है कि क्या ग्रामीणों को विद्युत आपूर्ति की जाएगी या अंधेरों में और पेय जल की मार महिनों व सालों झेलना पड़ेगा।



# दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार धीरज मिश्रा की बरसी पर मरीजों में वितरित किए गए फल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र के रावट्र्सगंज कोतवाली अंतर्गत एक छोटा सा गांव बहुअरा के भैरवागांधी टोला में रहने वाला एक महान शख्सियत जिनकी यादों में आज भी आंखें नम हो जाती हैं। जी हां यह वही शख्सियत है जिनकी लेखनी ने कईयों की जिंदगी में खुशियां भर दीं। लेकिन दूर्भाग्यपूर्ण वो आज हमारे बीच नहीं हैं। जी हां हम बात कर रहे हैं कलम के जादूगर महान शख्सियत वरिष्ठ पत्रकार धीरज मिश्रा की जिन्होंने अपनी लेखनी की जादू से सबके दिलों पर राज किया करते थे। आपको बताते चलें कि स्व धीरज मिश्रा 31/07/2022 को पंचतत्व में विलीन हो गए थे और आज उनकी पुण्यतिथि पर उनके परिजनों द्वारा जनपद सोनभद्र के जिला अस्पताल रावट्र्सगंज के वार्ड नं 3 के कुल 80 मरीजों में फल का वितरण कर उन्हें याद किया गया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान कुल 20 दर्जन केले और 5 किलो सेब का वितरण किया गया। इस दौरान उनके छोटे भाई नीरज मिश्रा, विपिन मिश्रा, मनोज विश्वकर्मा, संतोष मिश्रा, जितेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# अनियंत्रित बाइक सवार गिरकर हुआ घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** स्थानीय चौकी क्षेत्र अंतर्गत चढ़ाई पर सोमवार की शाम अनियंत्रित बाइक सवार गिरकर घायल हो गया मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार तेलुगुड़वा की तरफ से डाला बाजार की ओर आ रहा बाइक सवार बब्बू उम्र 30 वर्ष पुत्र लक्ष्मण निवासी बघुआरी रावर्टसगंज डाला चढ़ाई स्थित क्रॉसिंग के पास जैसे पहुंचा अनियंत्रित होकर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों की मदद से उसे निजी अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज किया जा रहा है ।

# 1 किलो 260 ग्राम गांजा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर आज सोमवार को लगभग 12: 40 बजे डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के बाडी सेवा सदन मोड़ के पास से अभियुक्त मुकेश कुमार विश्वकर्मा उम्र लगभग 20 वर्ष पुत्र नरेश कुमार विश्वकर्मा निवासी दाढी होटल के पीछे को 01 किलो 260 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार करते हुए धारा मु0अ0सं0 158/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।अभियुक्त का पूर्व आपराधिक इतिहासः-1. मु0अ0सं0- 95/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट 2. मु0अ0सं- 229/2022 धारा 379,411 भादवि थाना चोपन सोनभद्र इस दौरान टीम में चोपन थानाध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह , चौकी प्रभारी डाला राजेश प्रताप सिंह आरक्षी मुकेश कुमार शामिल रहे।



# लोहरा गांव के पास हाइवा ने 4 वर्षीय बालक को बुरी तरह से रौंदा, हुई मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**रावट्र्सगंज।**रावट्र्सगंज कोतवाली अंतर्गत वाराणसी शक्तिनगर मुख्य मार्ग पर लोहरा के पास सोमवार शाम हाइवा ने बालक 4 वर्षीय बालक को बुरी तरह से रौंदते हुए निकल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार लोहरा गांव निवासी श्रेयांस चौहान पुत्र चंदन चौहान उम्र 4 वर्ष घर के पास खेल रहा था कि अचानक खेलते खेलते मेन हाइवे रोड पर आ गया। तभी वाराणसी की तरफ से आ रही तेज रफ्तार हाईवा के चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई घटना के बाद हाईवा चालक हाईवा छोड़कर मौके से फरार हो गया वहीं घटना पर पहुंचे सुकृत पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया।



# शिव शक्ति महिला मंडल ने किया शिव चर्चा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** रामगढ़ कसारी भिखारी बाबा आश्रम स्थित शिव मंदिर में शिव शक्ति महिला मंडल ने सोमवार को शिव चर्चा किया और भक्त लोगों ने रुद्राभिषेक किया। इस दौरान समूचा शिव मंदिर परिसर भक्ति गीत एवं हर गुप्ता, पवन गुप्ता, कालो देवी, हीरा, सुखराम, रामप्यारे , परमानंद, शेरू आदि को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आचार्य राधे कृष्ण तिवारी ने रुद्राभिषेक का पूजन कराया। भिखारी बाबा ने बताया कि 15 वर्षों से लगातार 24 घंटे हरिकीर्तन चल रहा है।



हर महादेव के जयकारे से गुंजायमान हो गया। शिव शक्ति महिला मंडल की विमला देवी, भोले भिखारी सेवा ट्रस्ट की उपाध्यक्ष चिंता मौर्य, संगीता जैन, प्रवीण जैन,विनोद जैन, प्रफुल्ल जैन, श्याम जैन, रेवती तिवारी, रामा देवी, उर्मिला, शिवानी, नेहा तमाम भक्तों ने पूजन अर्चन किया और जड़ी बूटियों से बनी हवन सामग्री से आहुति दी गई। शिव शक्ति महिला मंडल ने शिव चर्चा किया और भक्ति गीत भी गाया। इस दौरान समूचा मंदिर परिसर भक्ति गीतों व हर हर महादेव के जयकारे से गुंजायमान हो गया।

# बाल शोषण मुक्त समाज बनाने में हम सबकी भागीदारी


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**ब्लॉक सभागार नगवा में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, बाल विवाह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला शक्ति केंद्र की संयुक्त बैठक आहूत कीगयी- को जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के कर बच्चों का आवेदन कराने पर जोर दिया जिससे पात्र बच्चों को लाभ दिया जा सके। बाल कल्याण अधिकारी थाना नगवा अवधेश सिंह द्वारा महिलाओं व बच्चों हेतु संचलित आपात कालीन सेवाओ 1098,1076,1070,181,112 टोल मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), स्पॉन्शरशिप योजना, जनपद में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं व बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, बाल तस्करी व दत्तक ग्रहण के बारे में चर्चा किया गया। जिसके सम्बन्ध में जिला बाल संरक्षण



निर्देश के क्रम में जिला प्रोवेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा के नेतृत्व में खंड विकास अधिकारी उत्कर्ष सक्सेना की अध्यक्षता में नगवा ब्लॉक सभागार में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, बाल विवाह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला शक्ति केंद्र की संयुक्त बैठक आहूत की गई। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना व कन्या सुमंगला योजना में ब्लॉक के सभी पात्र बच्चों को जोड़ने हेतु सभी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों से समन्वय बना फ्री नंबरों व बाल श्रम, बाल तस्करी की रोकथाम पर चर्चा किया गया। बैठक में नीतू यति महिला कल्याण अधिकारी द्वारा महिलाओं के संचलित योजनाओं निराश्रित महिला पेंशन, स्वाधार गृह,वन स्टॉप सेंटर, रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष, विधवा पुत्री विवाह अनुदान आदि योजनाओं के बारे में चर्चा किया गया। बैठक में संरक्षण अधिकारी (संस्थानिक) गायत्री दूबे द्वारा केंद्र व राज्य सरकार द्वारा बच्चों के लिए संचालित योजना मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना व इकाई से ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे द्वारा बताया गया कि जिला बाल संरक्षण अधिकारी महोदय के निर्देश के क्रम में चार अगस्त 2023 तक सभी ब्लाक स्तरीय बैठक आहूत कर ली जायेगी उसके बाद ग्राम/ नगर बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आहूत कराया जायेगा बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी विजेंद्र कुमार सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी मीना जयसवाल, माधुरी पटेल महिला आरक्षी तथा समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# ओम नारायण तिवारी लिपिक से बने अवर अभियंता, लोक निर्माण विभाग को चढ़ा रहे भ्रष्टाचार की भेंट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** मुख्यमंत्री सहित अन्य को शिकायती पत्र भेज जांच / कार्यवाही कि की गई मांग जन अधिकार पार्टी के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष भागीरथी सिंह मौर्य ने प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग चहेते ठेकेदारों से सांठ -गांठ करके मानक के अनुरूप बनने वाली सड़को में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हुए करोड़ों की संपत्ति अर्जित किए हुए हैं । विभाग को भ्रष्टाचार मुक्त कराने के लिए गैर जनपद में स्थानान्तरण किया जाना आवश्यक है ।02 श्री प्रोपाइटर श्री कृष्णानन्द जो श्री बंटी तिवारी के पिता जी है, उनके नाम पर प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग जनपद सोनभद्र में रजिस्टर्ड है, श्री ओम नारायण तिवारी के मो0 का यदि जांच किया जाए तो उनका श्री बंटी तिवारी के मोबाइल से डेली






जनपद सोनभद्र के अवर अभियंता ओम नारायण तिवारी द्वारा विभाग में किए जा रहे भ्रष्टाचार एवं अनियमितता के संदर्भ में माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग सोनभद्र, माननीय लोक निर्माण विभाग मंत्री लखनऊ, आयुक्त महोदय विंध्याचल मंडल, अजय चौहान मुख्य सचिव पीडब्ल्यूडी लखनऊ, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग लखनऊ, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग वृत्त मिर्जापुर मंडल एवं एंटी करप्शन विभाग वाराणसी को शिकायती पत्र भेज एवं मुख्यमंत्री पोर्टल पर भ्रष्टाचार के मामले को अवगत कराते हुए निम्नलिखित विषयों पर उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई है ।01. श्री ओम नारायण तिवारी कार्यरत इंजीनियर ( जेई ) के कई वर्षों से एक ही जनपद में कार्यरत होने से अपने ओम नारायण तिवारी अवर अभियंता द्वारा 05 लाख का बांड बनाकर गलत ढंग से 20 लाख का भुगतान करते हैं और उस सरकारी पैसे का दुरुपयोग करते हुए बंदरबांट किया जा रहा है ।03 श्री ओम नारायण तिवारी लिपिक से अवर अभियंता बने है परंतु उनका आज के समय में चर्चा बना हुआ है कि लग्जरी कार से चलते हैं । श् प् 12 श् 0 834 जिसको चलाने के लिए एक चालक भी परमानेंट रखे हुए हैं । आलीशान मकान बैंक बैलेंस भी है जिसकी जांच किसी अन्य एजेंसी द्वारा कराकर आय से अधिक संपत्ति की जांच भी की जा सकती है ।04 ओम नारायण तिवारी जब से लिपिक से अवर अभियंता बने हैं तब से अपने चहेते ठेकेदारों जो उनके गांव जिला प्रयागराज उत्तर प्रदेश के रहने वाले श्री बंटी तिवारी हैं जिनका फर्म का नाम शशांत कंस्ट्रक्शन कंपनी कॉल डिटेल बात करने का मिल जाएगा । जिसकी जांच कर उक्त लोगो के ऊपर निष्पक्ष कार्रवाई की जाए ।05. श्री ओम नारायण तिवारी अवर अभियंता के पास अतिरिक्त चार्ज हेड क्वार्टर, कचहरी, जिलाधिकारी कार्यालय, सर्किट हाउस आदि का है जिसका बिना टेंडर हुए कार्य उनके चहेते ठेकेदार जो श्री बंटी तिवारी हैं के द्वारा किया जाता है व सारे पैसे आधे आधे बांट लिए जाते हैं और सरकारी पैसे का बंदरबांट किया जाता है ।06.श्री ओम नारायण तिवारी जब लिपिक के पद पर कार्यरत थे उसी समय उनके द्वारा डिप्लोमा डिग्री ली गई थी। श्री तिवारी जी के डिप्लोमा डिग्री की पढ़ाई करते समय वेतन का आहरण हुआ है कि नहीं, अध्ययन के दौरान अवकाश लिए है कि नहीं इसकी जांच किए जाने की मांग की गई ।

# अनियंत्रित हाइवा ने 4 वर्षीय बालक को बुरी तरह से रौंदा घर में पसरा मातम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**जनपद सोनभद्र के रावट्र्सगंज कोतवाली अंतर्गत सुकृत पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्रामसभा लोहरा के बटोही बाबा मंदिर के पास वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर तेज हादसे में मृतक श्रेयांस चौहान पुत्र चंदन चौहान उम्र 4 वर्ष निवासी ग्राम लोहरा, पोस्ट सुकृत, जनपद सोनभद्र के रूप में पहचान की गई। इस हादसे के बाद घर में पूरी तरह से मातम



रफ्तार आ रही अनियंत्रित ट्रक हाइवा ने बालक को रौंदते हुए निकल गया। इस दौरान हाइवा चालक गाड़ी को लेकर मधुपुर की तरफ भागने का प्रयास किया जिसे ग्रामीणों ने पिछा कर हाईवा को पकड़ लिया लेकिन गाड़ी को छोड़कर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। लेकिन इस दर्दनाक हादसे में बालक की मौके पर ही मौत हो गई। इस छा गया। वहीं लोगों ने तत्काल वाराणसी शक्तिनगर मार्ग को जाम कर दिया लेकिन वहीं सुकृत पुलिस चौकी की टीम तुरंत मौके पर पहुंचकर कमान संभाली और आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया गया तथा तत्काल वाराणसी शक्तिनगर मार्ग को फिर से आवागमन चालू किया गया।

# तेज़ रफ़्तार बाइक सवार ने पैदल सड़क पार कर रहे युवक को मारी ज़ोरदार टक्कर, बाइक सवार सहित दो घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**रविवार देर शाम स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत बारी में तेज रफ्तार बाइक सवार ने पैदल जा रहे युवक को ज़ोरदार टक्कर मार दी, टक्कर से बाइक सवार सहित पैदल जा रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बता दें कि रविवार शाम अमृताज पुत्र नज़ीर निवासी सेवा सदन बस्ती, डाला उम्र लगभग 35 वर्ष जब सड़क पार कर रहा था तभी दूसरी तरफ से बाइक से तेज़ रफ़्तार में आरहे सिकंदर पुत्र शंकर निवासी निंघा उम्र लगभग 20 वर्ष की टक्कर पैदल जा रहे व्यक्ति से हो गई। तभी क्षेत्र में गश्त पर मौजूद डाला चौकी इंचार्ज राजेश प्रताप सिंह ने मय पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर तत्काल दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस बुलाकर स्थानीयों की मदद से उपचार हेतु चोपन सामुदायिक अस्पताल भेज दिया गया व घायलों की शिनाख्त करते हुए उनके परिजनों को सूचित किया गया। इस दौरान मौके पर डाला पुलिस चौकी से का0 योगेश यादव, का0 दीपक कुमार, आदि सहित 112 पीआरवी पुलिस व समाजसेवी अंशु पटेल, गोविंद भारद्वाज, अजय गुप्ता, आदि मौजूद रहे।



# मोहाली में खिलाड़ियों को दलिया में मिली गिरी हुई छिपकली, 48 प्लेयर्स हुए बीमार खेलमंत्री ने दिए जांच के आदेश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मोहाली।** फेज-9 स्थित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में शनिवार सुबह उस वक्त अस्पताल फेज-6 ले जाया गया। इलाज के बाद डॉक्टरों ने बताया कि सभी की हालत खरते से बाहर उन्होंने बच्चों का हाल जाना। बच्चों ने बताया कि सुबह उन्हें खाने में दलिया दिया गया था, जिसे खाने



अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब खिलाड़ियों को दी जाने वाली डाइट (दलिया) में छिपकली निकली। दलिया खाने के बाद जब छिपकली निकलने की बात सामने आई तो कई बच्चे उल्टी करने लगे। 48 बच्चों को सिविल अस्पताल फेज-6 ले जाया गया। फेज-9 स्थित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में शनिवार सुबह उस वक्त अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई जब खिलाड़ियों को दी जाने वाली डाइट (दलिया) में छिपकली निकली। दलिया खाने के बाद जब छिपकली निकलने की बात सामने आई तो कई बच्चे उल्टी करने लगे। 48 बच्चों को सिविल है। इलाज के बाद डॉक्टरों ने बताया कि सभी की हालत खरते से बाहर है। उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। डायरेक्टर स्पो?ट्र्स हरप्रित सिंह सूदन ने मेस की सेवाएं बंद कर दी हैं और कमेटी कठित कर जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। फिलहाल खिलाडियों के लिए खाने का प्रबंधन बाहर से किया जा रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की फूड सेफ्टी विंग ने मेस का निरीक्षण किया। टीम को मेस में गंदगी मिली। दलिया में छिपकली मिलने के बाद से बच्चे सहमे नजर आए। फेज-6 के पूर्व पार्षद आरपी शर्मा ने बताया कि वह भी अस्पताल पहुंचे थे। के बाद पता चला कि उसमें छिपकली गिरी थी। खेलमंत्री गुरमीत सह मीत हेयर ने तीन दिन के अंदर रिपोर्ट तलब की है। इस संबंध में डिप्टी मेयर कुलजीत सिंह बेदी ने मामले की जांच और ठेकेदार के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि स्पो?ट्र्स कांप्लेक्स का वार्डन मामले की जानकारी देने की बजाय पत्रकारों से बदसलूकी करता रहा। बताया जाता है कि इसी साल जनवरी में खेल मंत्री ने स्पो?ट्र्स कांप्लेक्स की मेस का औचक दौरा किया था। उस दौरान उन्हें यहां कई कमियां मिली थीं।

# काउंटी क्रिकेट में नहीं खेलेंगे अजिंक्य रहाणे, क्रिकेट से ब्रेक लेने का लिया फैसला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे कुछ दिनों के लिए क्रिकेट से ब्रेक ले सकते हैं। वेस्टइंडीज दौरे से लौटने के बाद रहाणे परिवार के साथ वक्त बिताना का फैसला किया है। वह साल के अंत में होने वाले दक्षिण अफ्रीका



सीरीज के लिए खुद को तैयार करना चाहते हैं। इसी कारण से अजिंक्य रहाणे ने इंग्लैंड की काउंटी क्रिकेट का ऑफर ठुकरा दिया है। दरअसल, भारत के सीनियर बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने लेस्टर की तरफ से काउंटी क्रिकेट में नहीं खेलेंगे क्योंकि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के व्यस्त कार्यक्रम के बाद खेल से कुछ दिनों का विश्राम लेना चाहते हैं। 35 वर्षीय रहाणे को जून में काउंटी क्लब लेस्टर से जुड़ना था, लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की प्रतिबद्धताओं को देखते हुए वह तब क्लब से नहीं जुड़ पाए थे। वह आईपीएल के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेलने के लिए इंग्लैंड चले गए थे और फिर इस महीने के शुरू में वेस्टइंडीज दौरे पर भी वह भारतीय टीम का हिस्सा थे। क्लब ने कहा कि उनके पूर्व के कार्यक्रम में यह प्रतिबद्धताएं शामिल नहीं थी और अब रहाणे अगस्त और सितंबर में क्रिकेट से विश्राम लेना चाहते हैं जिसका मतलब है कि वह पूर्व कार्यक्रम के अनुसार लेस्टर की तरफ से नहीं खेल पाएंगे।

# शुभमन गिल के खिलाफ दूसरे वनडे में तोड़ा बाबर आजम का रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के युवा ओपनर शुभमन गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे में अपने नाम एक गजब की उपलब्धि दर्ज करा ली है। गिल ने दूसरे वनडे में 34 रन बनाए और पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम का रिकॉर्ड तोड़ डाला। शुभमन गिल वनडे क्रिकेट में शुरुआती 26 पारियों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। गिल ने 26 वनडे पारियों में 1352 रन बनाए। गिल से पहले यह रिकॉर्ड बाबर आजम के नाम दर्ज था, जिन्होंने 26 वनडे पारियों में 1322 रन बनाए थे। वनडे क्रिकेट की शुरुआती 26 पारियों में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज जोनाथन ट्रॉट तीसरे स्थान पर काबिज हैं। ट्रॉट ने 1303 रन बनाए थे। पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज फखर जमान (1275) चौथे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के रासी वान डर डुसैन (1267) टॉप-5 की लिस्ट को पूरा करते हैं। जहां तक मैच की बात है तो भारतीय टीम को दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज के हाथों 80 गेंदें शेष रहते हुए 6 विकेट की शिकस्त झेलनी पड़ी। भारत ने पहले बल्लेबाजी की और 90/0 के स्कोर से पूरी टीम 181 रन पर ऑलआउट हो गई। वेस्टइंडीज की टीम ने 36.4 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। वेस्टइंडीज ने इसी के साथ तीन मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी की। टीम इंडिया ने जहां पहला मैच 5 विकेट से जीता था, वहीं कैरेबियाई टीम ने दूसरा वनडे 6 विकेट से अपने नाम किया। अब दोनों टीमों के बीच सीरीज का तीसरा व अंतिम वनडे मंगलवार को टारूबा में खेला जाएगा। दोनों ही टीमें की कोशिश सीरीज जीतने की होगी।



# यूईएफए ने जुवेंटस को यूरोपीय कंपटीशन से हटाया, वित्तीय नियम तोड़ने के तहत चेल्सी पर जुर्माना लगाया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** जुवेंटस को अगले सत्र में यूरोपीय प्रतियोगिता से हटा दिया गया और वित्तीय नियमों के उल्लंघन पर यूईएफए के अलग-अलग फैसलों में चेल्सी पर 11 मिलियन अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया गया। शुक्रवार को तीसरे स्तर के यूरोपा कॉन्फ्रेंस लीग से जुवेंटस का निष्कासन एक झूठे लेखांकन मामले के कारण होने की उम्मीद थी, जिसमें पहले से ही दो बार के यूरोपीय चैंपियन ने सीरी ए में 10 अंक काट लिए थे। उस दंड ने जुवेंटस को चैंपियंस लीग क्वालीफिकेशन स्थानों से बाहर कर दिया था। जुवेंटस को अगले सत्र में यूरोपीय प्रतियोगिता से हटा दिया गया है और वित्तीय नियमों के उल्लंघन पर यूईएफए के अलग-अलग फैसलों में चेल्सी पर जुर्माना लगाया गया। जुवेंटस ने यूईएफए क्लब वित्तीय नियंत्रण निकाय के फैसले पर खेद जताया। यूरोपा कॉन्फ्रेंस लीग में जुवेंटस का स्थान 24 अगस्त से शुरू होने वाले प्लेऑफ दौर में फियोरेंटीना को मिलना चाहिए। यूरोपा कॉन्फ्रेंस लीग में जुवेंटस का स्थान 24 अगस्त से शुरू होने वाले प्लेऑफ दौर में फियोरेंटीना को मिलना चाहिए। यूईएफए ने शुक्रवार को कहा कि जुवेंटस को फाइनेंशियल फेयर प्ले (एफएफपी) नियमों को तोड़ने के लिए 10 मिलियन यूरो (11 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भी भरना होगा। यदि क्लब भविष्य के सीजन में यूईएफए वित्तीय निगरानी नियमों का पालन करने में विफल रहता है तो अतिरिक्त 10 मिलियन यूरो की कटौती की जा सकती है। जुवेंटस के अध्यक्ष जियानलुका फेरेरो ने क्लब की वेबसाइट पर



एक बयान में कहा कि हमें यूईएफए क्लब वित्तीय नियंत्रण निकाय के फैसले पर खेद है।ठ ठहम उस व्याख्या को साझा नहीं करते हैं, जो हमारे बचाव में दी गई है और हम अपने कार्यों की वैधता और हमारे तर्कों की वैधता के प्रति दृढ़ता से आश्वस्त हैं। ठहालांकि, हमने इस फैसले के खिलाफ अपील नहीं करने का फैसला किया है। इस दर्दनाक फैसले के बावजूद, अब हम कोर्ट पर नहीं बल्कि मैदान पर ध्यान केंद्रित करके नए सीजन का सामना कर सकते हैं। एक अलग मामले में, चेल्सी 2012 और 2019 के बीच प्रस्तुत की गई गलत वित्तीय जानकारी के लिए यूईएफए को 10 मिलियन यूरो का भुगतान भी करेगी, जबठ क्लब का स्वामित्व रूसी कुलीन रोमन अब्रामोविच के पास था। यूईएफए ने कहा कि चेल्सी के वर्तमान अमेरिकी नेतृत्व वाले स्वामित्व समूह ने पिछले साल मई में ठक्लब के पिछले स्वामित्व के तहत संभावित रूप से अपूर्ण वित्तीय रिपोर्टिंगठ की सूचना दी थी। यूईएफए ने कहा कि चेल्सी के वर्तमान अमेरिकी नेतृत्व वाले स्वामित्व समूह ने पिछले साल मई में ठक्लब के पिछले स्वामित्व के तहत संभावित रूप से अपूर्ण वित्तीय रिपोर्टिंगठ की सूचना दी थी। चेल्सी, जिसने 2012 और 2021 में चैंपियंस लीग जीती, यूरोपीय प्रतियोगिताओं के अगले संस्करणों के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई। चेल्सी ने एक बयान में कहा, ठक्लब के स्वामित्व समूह के अपने नियामकों के साथ पूर्ण अनुपालन और पारदर्शिता के मूल सिद्धांतों के अनुसार, हम आभारी हैं कि यह मामला यूईएफए को जानकारी के सक्रिय प्रकटीकरण और एक समझौते से संपन्न हुआ है जो रिपोर्ट किए गए मामलों को पूरी तरह से हल करता है।ठ ठचेल्सी यूईएफए के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देती है और आने वाले वर्षों में उस रिश्ते को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर है।यूईएफए ने दिसंबर में एफएफपी नियमों के संभावित उल्लंघन के लिए जुवेंटस के खिलाफ जांच शुरू की थी, जब इटली में अभियोजकों ने इस मशहूर क्लब के खिलाफ अपना मामला खोल दिया था। इटालियन अधिकारियों द्वारा अंततः जुवेंटस को सीरी ए में 10 अंक दिए गए, जिससे क्लब संभावित रूप से शीर्ष चार में जगह बनाने और सातवें स्थान पर रहने के लिए अगले चैंपियंस लीग में जगह बनाने से वंचित हो गया - जो केवल तीसरे स्तर के सम्मेलन लीग के लिए पर्याप्त था। इसके बजाय एसी मिलान चैंपियंस लीग में शामिल हो गया। यूरोपीय फुटबॉल निकाय ने कहा कि झूठे लेखांकन आरोपों ने यूईएफए क्लब के वित्त जांचकर्ताओं को पिछले साल क्लब के साथ हुए समझौते को समाप्त करने और नए प्रतिबंध लगाने के लिए मजबूर किया। जुवेंटस के लिए अराजक 2022-23 सीजन में क्लब के लंबे समय से चले आ रहे अधिकारियों को भी खोना पड़ा, जिन्होंने इस्तीफा दे दिया, जिसमें अध्यक्ष एंड्रिया एग्नेली और उपाध्यक्ष पावेल नेडवेड भी शामिल थे, जो पूर्व महान खिलाड़ी थे। कैल्सियोपोली भ्रष्टाचार घोटाले के परिणामस्वरूप जुवेंटस ने 2006 से 2008 तक दो साल का यूरोपीय फुटबॉल भी खो दिया।

# अमेरिका में भी बजा मुंबई इंडियंस का डंक एमएलसी 2023 का खिताब जीतकर बनाई अपनी साख, फैंस ने किया सलाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंसको आईपीएल 2023 में भले ही हार का सामना करना पड़ा हो, लेकिन अमेरिका में मुंबई टीम को चैंपियन बनने से कोई नहीं रोक पाया। अमेरिका में पहली बार ओयोजित हुई टी-20 लीग मेजर लीग क्रिकेट का पहला सीजन एमआई न्यूयॉर्क टीम ने अपने नाम कर लिया है। पहले सीजन में



एमआई न्यूयॉर्क ने सीटर ओर्कस को 7 विकेट से रौंदकर जीत हासिल की। इस जीत में कप्तान निकोलस पूरन का अहम रोल रहा, जिन्होंने 55 गेंदों में नाबाद 137 रन बनाकर अकेले के दम पर टीम को ये एकतरफा जीत दिलाई इस जीत के साथ ही मुंबई फ्रेंचाइजी ने दुनिया में 9वां खिताब हासिल किया और दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई। एमआई न्यूयॉर्क की जीत के बाद ट्विटर पर फैंस टीम की जमकर तारीफ कर रहे है। दरअसल, आईपीएल की सफल टीम मुंबई इंडियंस ने कुल 5 बार खिताब अपने नाम किया है। साल 2011 में मुंबई फ्रेंचाइजी ने (चैंपियन लीग टी-20) का खिताब जीता था। इसके बाद 2013 में और आईपीएल 2013 का खिताब अपने नाम किया था। 2015 के बाद फिर से मुंबई इंडियंस 2017 में आईपीएल की चैंपियन टीम बनी थी। 2019 और 2020 दो लगातार साल मुंबई इंडियंस ने आईपीएल की ट्रॉफी पर कब्जा किया था। फिर महिला प्रीमियर लीग के पहले सीजन 2023 में भी मुंबई इंडियंस ने ये खिताब अपने नाम किया और अब अमेरिका में पहली बार खेली गई मेजर लीग क्रिकेट का खिताब जीतकर मुंबई फ्रेंचाइजी ने 9वीं बार खिताब को अपने नाम कर लिया है।

# एमआई के पहले सीजन में ही छाए निकोलस पूरन, लगाया रिकॉड्र्स का अंबार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एमआई न्यूयॉर्क टीम मेजर लीग क्रिकेट के पहले सीजन की चैंपियन बन गई है। एमआई न्यूयॉर्क टीम के कप्तान निकोलस पूरन ने श्थ्ण् 2023 के खिताबी एमआई न्यूयॉर्क के कप्तान निकोलस पूरन ने मेजर लीग क्रिकेट के ओपनिंग सीजन में शानदार बल्लेबाजी की और इस लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कराया। उन्होंने में रिकॉड्र्स अपने नाम दर्ज किए। बता दें कि टीम लीग स्टेज के खत्म होने पर चौथे स्थान पर रही थी। एमआई न्यूयॉर्क टीम ने चैलेंजर मैच जीतने से पहले एलिमिनेटर मुकाबले में भी जीत



मैच में बल्ले से तहलका मचाया और सीटर्स आर्कस टीम को जमकर परेशान किया। पूरन ने 55 गेंदों में नाबाद 137 रन बनाए, जिसमें कुल 10 चौके और 13 छक्के शामिल रहे। इस तूफानी पारी के दम पर एमआई न्यूयॉर्क ने फाइनल मैच 7 विकेट से जीत लिया। इस दौरान निकोलस ने कई रिकॉड्र्स अपने नाम दर्ज किए। आइए जानते हैं इन रिकॉड्र्स के बारे में। दरअसल, कुल 388 रन बनाए। उनके अलावा क्विंटन डि कॉक ने पूरी लीग में 235 रन बनाए। इसके साथ ही निकोलस ने की सबसे तेज फिफ्टी जड़ी। उन्होंने 16 गेंदों का सामना करते हुए फाइनल मैच में दमदार अर्धशतक जड़ा। इसके साथ ही उन्होंने में सबसे तेज शतक, सबसे ज्यादा छक्के, बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन , दूसरा सबसे बेस्ट स्ट्राइक रेट जैसे कई हासिल की थी और फाइनल मैच में भी शानदार जीत हासिल कर मेजर लीग क्रिकेट की पहली चैंपियन बन गई है। ये कुल मिलाकर श्घ् फ्रेंचाइजी का 9वां टी20 खिताब है। पिछली बार श्घ् फ्रेंचाइजी ने वुमेंस प्रीमियर 2023 का टाइटल अपने नाम किया था। इससे पहले साल 2020 में मुंबई इंडियंस ने आईपीएल का खिताब जीता था।

# बीच मैदान सूर्या ने कुलदीप को कहा 'कचरा'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम को वेस्टइंडीज के हाथों दूसरे वनडे मैच में करारी हार का सामना करना पड़ा। दूसरे वनडे



में वेस्टइंडीज ने शानदार वापसी करते हुए 6 विकेट से मैच अपने नाम किया। भारतीय टीम का इस मैच में ओवर एक्सपेरिमेंट करना भारी पड़ा। टीम मैनेजमेंट ने सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली को आराम दिया और अक्षर-संजू को प्लेइंग-11 में शामिल किया। बैटिंग आर्डर के अलावा गेंदबाज भी कुछ खास कमाल नहीं कर सके। स्पिनर कुलदीप यादव सिर्फ एक विकेट ही चटका पाए और शार्दुल ठाकुर को 3 सफलता मिली। इस दौरान मैच का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें सूर्यकुमार यादव एक अलग अंदाज में कुलदीप यादव को विकेट लेने के लिए मोटिवेट करते हुए नजर आ रहे है। सूर्या ने बीच मैदान कुलदीप यादव को 'कचरा' कहा, जिसे देख हर कोई हैरान है।

# राशिफल

**मेष-**:स्वास्थ्य संबंधी समस्या निकट है, इसलिए नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें और विश्वास करें कि इलाज से पहले सावधानी बरतना बेहतर है

**वृष-**:आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहेगा। आज आपके रचनात्मक कार्यों में नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी। आज आप अपने मन के अनुसार निर्णय लेंगे।

**मिथुन-**:आज का दिन भावनात्मक रहेगा. आप खुद को अपनी अंतरतम भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने की स्थिति में भी पा सकते हैं। घरेलू काम थकाने वाले होंगे।

**कर्क-**:जीवनसाथी का प्यारा व्यवहार आपका दिन खुशनुमा बना सकता है. आज अपने ख़र्चों पर नियंत्रण रखें से ख़र्च करने से बचें। भावनात्मक रूप से जोखिम उठाना आपके पक्ष में जाएगा।

**सिंह-**:आज आप जिस काम को पूरा करना चाहते हैं वह आसानी से पूरा हो जाएगा. किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण होने पर बधाई देने के लिए लोगों का आना-जाना रहेगा।

**कन्या-**:आज आप सभी परेशानियों और चिंताओं को पीछे छोड़कर अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताना चाहेंगे. आज आपका जाता हुआ दिखाई देगा जिसके बारे में आपने सोचा भी नहीं होगा।

**तुला-**:किसी मित्र की उदासीनता आपको परेशान करेगी. लेकिन अपने आप को शांत रखें। इसे समस्या न बनने दें और इससे बचने की कोशिश करें।

**वृश्चिक-**:आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। जिन चीजों के लिए आप लंबे समय से प्रयास कर रहे थे, आज वो पूरी होने वाली हैं। जो प्रयास आपने अपनी ओर से व्यर्थ समझे थे।

**धनु-**:आज भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर रुझान बढ़ेगा. जीवनसाथी के साथ वैचारिक मतभेद रहेंगे। आत्मबल में वृद्धि होगी। पारिवारिक समस्याओं से आज विचलित हो सकता है।

**मकर-**:खुद पर हद से ज्यादा दबाव न डालें और पर्याप्त आराम करें. रियल एस्टेट से जुड़े निवेश आपको अच्छा मुनाफा देंगे। आपका अडियल रवैया घर में लोगों का दिल दुखा सकता है।

**कुंभ-**:आज आपका झुकाव अध्यात्म की ओर रहेगा, मंदिर जाने या कोई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना सकते हैं. आज आपको खुशी पाने के लिए अपने स्वभाव में थोड़ा लाने की जरूरत है

**मीन-**:आज आपको कार्यक्षेत्र में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होगी. परिवार और जीवन साथी का सहयोग मिलने की संभावना है। हालांकि छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़



## सम्पादकीय

### विश्व सिनेमा की जादुई दुनियाः हेलेन मिरेन-महारानी एलिजाबेथ को पर्दे पर साकार करती अभिनेत्री

क्वीन की भूमिका के विषय में स्वयं हेलेन मिरेन का कहना है कि यह उनके लिए स्वाभाविक था, एक बार विग और ग्लासेस लगाते वे स्वयं को महारानी के मुखौटे के भीतर पातीं। यह अच्छी बात है कि उनके चेहरे की भाव-भंगिमा अनायास साम्राज्ञी से मिलती-जुलती है। परिवर्तन की कठिन प्रक्रिया को फिल्म निर्देशक स्टीफन फ्रियर्स ने अपनी फिल्म 'द क्वीन' में बहुत खूबसूरती और संवेदनशीलता के साथ चित्रित किया है। फिल्म में एक ओर नए-नए चुन कर आए ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर नई हवा, प्रगति, परिवर्तन के प्रतीक हैं। वहीं दूसरी ओर 55 साल के लंबे समय से शासन करती ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ब्रिटिश राजघराने की परम्परा का प्रतिनिधित्व करती हैं। सारी फिल्म प्रिंसेस डायना की मृत्यु के बाद कुल एक सप्ताह की हलचल के इर्द-गिर्द बुनी गई है और अधिकतर काम उस काल की वास्तविक फिल्म फुटेज के द्वारा चलाया गय है। इसके बावजूद यह डॉक्युमेंट्री न हो कर एक फीचर फिल्म है, इसे बायोपिक की संज्ञा भी दी जा सकती है। प्रिंसेस ऑफ वेल्स, डायना की कार दुर्घटना में मृत्यु के बाद एक सप्ताह तक जो कुछ भी हुआ, वह इस महारानी के राज्यकाल का सर्वाधिक कठिन काल था। इस पूरी फिल्म का केंद्र है, अभिनेत्री हेलेन मिरेन का लाजवाब अभिनय। फिल्मों-टेलीविजन में की भूमिकाएं 1945 में जन्मी स्वभाव से आशावादी यह ब्रिटिश अभिनेत्री काफी समय से मंच पर सक्रिय रही है, साथ ही फिल्मों एवं टेलीविजन में भी इसने प्रसिद्धि पाई है। स्कूली दिनों से नाटकों में भाग लेती मिरेन जल्द ही रॉयल शेक्सपीयर कंपनी हिस्सा बन गई। उसने पीटर ब्रूक के साथ भी काम किया। उसकी अभिनय की पेशेगत कुशलताओं को पहचाना गया, इसीलिए उसे ओफीलिया, लेडी मेकबेथ, डचेच ऑफ मेल्फी आदि की भूमिकाएं मिली। उसने इन भूमिकाओं को इस कुशलता से निभाया कि दर्शकों और समीक्षकों दोनों की प्रशंसा की भागीदार बनी। अन्य कई प्रोग्राम के साथ टेलिविजन पर उसने एक लंबी पारी (1990 से 2006) 'प्राइम सस्पेक्ट' में डिडेक्टिव जेन टेनीसन के रूप में खेली है। 'द कुक', 'द थीफ', 'हिज वाइफ', 'द मैडनेस ऑफ किंग जॉर्ज (इसके लिए उसे सर्वोत्तम अभिनेत्री का पुरस्कार मिला), 'सम मदर्स सन', 'क्रिटिकल केयर', 'कैलेंडर गर्ल्स' आदि उसकी अन्य फिल्में हैं। 2006 में फिल्म 'द क्वीन' में अभिनय के लिए उसे बेस्ट एक्ट्रेस का एकेडमी अवॉर्ड मिला। क्वीन की भूमिका के विषय में स्वयं हेलेन मिरेन का कहना है कि यह उनके लिए स्वाभाविक था, एक बार विग और ग्लासेस लगाते वे स्वयं को महारानी के मुखौटे के भीतर पातीं। यह अच्छी बात है कि उनके चेहरे की भाव-भंगिमा अनायास साम्राज्ञी से मिलती-जुलती है। इस भूमिका के लिए उन्होंने एलीजाबेथ की फिल्म और वीडियो फुटेज को बार-बार देखा और पूरे प्रोडक्शन के दौरान उनका फोटोग्राफ अपने सामने रखा। महारानी के टेलीविजन भाषणों से स्वर की साम्यता बनाए रखने के लिए उन्होंने बोलने का विशेष प्रशिक्षण लिया। उनके अभिनय की प्रशंसा करते हुए महारानी ने उन्हें बंकिंघम पैलेस में डिनर पर आमंत्रित किया, यह अलग बात है कि वे अपनी शूटिंग्स के कारण इसमें न जा सकीं। हेलेन मिरेन को अवश्य यह भूमिका करके गर्व और संतोष हुआ होगा। इस भूमिका के लिए उन्हें ढेरों नोमीनेशन्स मिले और 29 प्रमुख सम्मान प्राप्त हुए। पुरस्कार ग्रहण करते हुए अधिकांश अवसरों पर उन्होंने वास्तविक महारानी के प्रति अपनी सराहना और श्रद्धा व्यक्त की। साथ ही अपना गोल्डेन ग्लोब तथा ऑस्कर अवॉर्ड महारानी एलिजाबेथ को समर्पित कर दिया। इस भूमिका के लिए दर्शकों ने भी उनके प्रति सम्मान दिखाया। वेनिस फिल्म फेस्टिवल में फिल्म समाप्त होने पर दर्शकों ने पांच मिनट खड़े तालियों के साथ उनके प्रति अपना सम्मान प्रकट किया। किसी जीवित व्यक्ति, वह भी किसी प्रसिद्ध व्यक्ति-साम्राज्ञी का चरित्र निभाना कोई आसान काम नहीं है। लेकिन हेलेन मिरेन ने यह काम कमाल की विशिष्टता के साथ किया है। एकांत में अपनी भावनाओं को बहते देने और डायना के अंतिम संस्कार के समय उसके भाई की प्रसिद्ध स्पीच के समय मिरेन का अभिनय कमाल का है। क्वीन के रूप में हेलेन मिरेन हर फ्रेम में विशिष्ट है।

# चर्चा में तीन स्त्रियां, विवाहेतर प्रेम संबंधों ने मामले को दिया तूल

सीमा हैदर, अंजू और ज्योति मौर्य के प्रेम संबंध विवाहेतर न होते तथा सीमा व अंजू के मामले में पाकिस्तान न होता, तो इनकी इतनी चर्चा न होती। पिछले कुछ दिनों से तीन महिलाएं लगातार चर्चा में हैं। पहली ज्योति मौर्य, दूसरी सीमा हैदर और तीसरी अंजू। इन तीनों महिलाओं में बहुत-सी समानताएं हैं। जैसे कि तीनों विवाहित हैं। तीनों के बच्चे हैं-ज्योति के दो, सीमा के चार और संदेश आदि प्रस्तुत किए हैं। सीमा पबजी खेलते-खेलते सचिन के संपर्क में आई और दोनों में प्यार हो गया। फिर सीमा नेपाल के रास्ते अपने चार बच्चों के साथ भारत में घुसी। अंजू को दफ्तर के काम से फेसबुक खोलना पड़ता था। वहीं नसरुल्लाह से संपर्क हुआ। मित्रता हुई और वह उससे मिलने पाकिस्तान चली गई। हालांकि अंजू कहती है कि उसके मामले को सीमा की तरह है कि वहां पाकिस्तानी पुलिस भी नहीं घुस पाती। जिन लोगों से कभी नहीं मिले, जिस देश को कभी देखा नहीं, वहां तक अपनी सुरक्षा की चिंता किए बिना ही सीमा और अंजू जिस तरह से चली गईं, वह भी ताज्जुब की बात लगती है। ज्योति के परिवार वाले उसका समर्थन कर रहे हैं। बच्चे भी उसी के पास हैं, जबकि सीमा अपने बच्चों को साथ ले आई है और अंजू बच्चों को छोड़ होने के बावजूद महिलाएं प्यार की खातिर उन्हें छोड़कर चली जाती हैं। यह जो सच्चे प्यार की अवधारणा है, उसके वास्तव में मायने क्या हैं, यह समझ में नहीं आता। हर संबंध में ऐसी स्थितियां आती ही होंगी, जहां लगता हो कि कोई संबंध पुराना पड़ गया। लेकिन कोई भी संबंध इतनी अहमियत कभी नहीं खोता कि उसे पुनर्जीवित न किया जा सके। इन तीनों संबंधों मरने की कसम खाना। उसी तरह अंजू जब गई थी, तो जींस-टी शर्ट पहने थी और पाकिस्तान में बुर्का पहने नजर आई। उसका पाकिस्तान के लोगों को बहुत अच्छा कहना, और जो इलाका बेहद खतरनाक है, उसे शांत बताना अजीब है। अंजू कह रही है कि वह जल्दी वापस आ जाएगी। उसके पति ने कहा कि अंजू के लौटने पर वह उसके है कि अंजू को भी नसरुल्लाह के गांव वाले ऐसा ही कह रहे हैं। उधर ज्योति के मामले में भी जिस मनीष दुबे से उसका संबंध बताया जा रहा है, वह शादीशुदा है। यह भी लग रहा है कि अगर अंजू और सीमा के मामले में पाकिस्तान न होता, तो शायद इन मामलों की चर्चा इतनी न होती। ज्योति यदि उच्च पद पर न होती और उसका पति







अंजू के दो। तीनों विवाहेतर संबंधों की वजह से चर्चा में हैं। तीनों अपने-अपने पति से परेशानी की शिकायत कर रही हैं। ज्योति का कहना है कि उसके पति ने अपने पद के बारे में शादी के वक्त उससे झूठ बोला। हालांकि उसने अपने विवाहेतर संबंध को स्वीकार नहीं किया है। पर उसके पति ने बहुत से ऐसे व्हाट्सएप नहीं देखा जाना चाहिए। उसके पास यात्रा के वैध कागजात हैं, जबकि सीमा के पास वे नहीं थे। वह कह रही थी कि उसका शादी का कोई इरादा नहीं, जबकि उसके निकाहनामे और धर्म परिवर्तन की खबरें भी आ रही हैं। बताया जा रहा है कि जिस इलाके में अंजू है, उसे इतना खतरनाक माना जाता गई है। विवाहेतर संबंध कोई नई बात नहीं है। लेकिन अक्सर ये पुरुषों के हिस्से आते थे। कहते थे कि बच्चों की चिंता में माता-पिता ऐसे कदम नहीं बढ़ाते। लेकिन अब पिता तो छोड़िए, माताएं भी बच्चों की परवाह नहीं करतीं। शहरों के मुकाबले गांवों से भी ऐसी खबरें खूब आती रहती हैं, जहां कई बच्चे में पति, पत्नियों के लिए आंसू बहा रहे हैं। वे घर से चले जाने के बाद भी उनकी राह देख रहे हैं। अंजू और सीमा के पतियों को उम्मीद है कि वे वापस आ जाएंगी। कहानियों में अजीब-ओ-गरीब तरह के फिल्मी ट्विस्ट भी हैं। जैसे सीमा का यहां आने पर हिंदू धर्म अपना लेना और सचिन के लिए जीने-खिलाफ एफआईआर भी कराएगा। जबकि सीमा के पति के अनुसार, उसने सीमा के लिए अपनी पहली पत्नी को छोड़ दिया। लेकिन सीमा पाकिस्तान जाना नहीं चाहती। वह कहती है कि वापस लौटने पर उसे मार दिया जाएगा। सचिन के गांव वाले उसे अपनी बहू पुकार रहे हैं। सुना सफाईकर्मी न होता, तो यह मामला भी रफा-दफा हो जाता। अगर ये प्रेम संबंध विवाहेतर न होते, इनमें बच्चे शामिल न होते, तो भी शायद इन्हें चर्चा के लायक न समझा जाता। तीनों के पति परेशान हैं। रो-रोकर वीडियो पोस्ट कर रहे हैं। भविष्य में क्या होगा, कौन जानता है!

# हाय रे मौसम कैसी ये तेरी कहानीः मौसम की मार से कहीं सूखा तो कहीं बाढ़ से हाहाकार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** इस बार मौसम अजीब ढंग से खिलवाड़ कर रहा है। प्रदेश के कुछ जिलों में सूखे की मार पड़ रही है तो कुछ जिलों में नदियां इस कदर उफन गई है बाढ़ से हाहाकार की स्थिति है। कई जगह उतार- चढ़ाव जारी हैं जिससे बाढ़ का खतरा बना है। यहां सरयू खतरे के निशान 106.070 मीटर को लांघ गई थी और दो सेंटीमीटर ऊपर बह रही थी। अब यह एक सेंटीमीटर नीचे बह रही है। इससे बाढ़ ग्रस्त इलाके के लोगों की रोपाई में फायदा मिला है। बाराबंकी, उत्तर प्रदेश बाराबंकी में बाढ़ से रामसनेही घाट, सिरौलीगौसपुर और रामनगर तहसील के 100 से अधिक गांव प्रभावित होते हैं। पिछले करीब 40 दिन से सरयू नदी का जलस्तर घट बढ़ रहा है। नदी मार्ग नदी में समा चुका है। फिलहाल कई गांव पानी से घिरे हैं। अमेठी, उत्तर प्रदेश अमेठी जिले में जुलाई माह में 58.54 प्रतिशत बरसात हुई है। कई दिनों से बारिश नहीं होने से खरीफ सीजन की फसल सूखने के कगार पर पहुंच रही थी लेकिन



से लोग पलायन कर तटबंधों पर डेरा डाले हैं तो कई जगह ग्रामीण पलायन की तैयारी कर रहे हैं। उधर, मौसम विभाग का कहना है कि इस सप्ताह बारिश होगी। ऐसे में इस बार लोग बाढ़ और सूखे दोनों से ही जूझ रहे हैं। बदायूं, उत्तर प्रदेश बदायूँ में गंगा का जल स्तर 12 साल का रिकार्ड तोड़ने के बाद अब स्थिर है। फर्रुखाबाद व नरौरा बुलंदशहर में भी यही आलम है। प्रयागराज में यमुना उफान मार रही है। लखीमपुर खीरी में शारदा में पानी लगातार बढ़ रहा है। एनसीआर क्षेत्र में यमुना में खूब पानी है। और तटीय गांवों में बाढ़ के हालात हैं। बहराइच में सरयू में धड़कनें बढ़ी हुई हैं। वहीं दूसरी ओर जिले में इस बार औसत से 25 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। कुछ दिनों में बारिश नहीं हुई तो सूखे जैसे हालात बन जाएंगे। सीतापुर, उत्तर प्रदेश सीतापुर में सरयू व शारदा नदियों के उफनाने से पिछले सप्ताह सरयू का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया। इससे महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के 30 गांव बाढ़ के पानी से घिर गए थे। हालांकि जलस्तर में 30 सेमी कमी आने से रास्तों और गांवों के आसपास भरा पानी घट गया है लेकिन लगभग 400 बीघा खेत बाढ़ की चपेट में हैं।किसानों ने कहा बरसात हुई है। इससे धान की किनारे बसे करीब 35 गांव के ग्रामीण अपना बोरिया-बिस्तर बांध कर बैठे हैं। एक दर्जन गांव नदी के उस पार बसे हैं जहां तक राहत पहुंचना मुश्किल है। ऐसे में ये पलायन को तैयार हैं। गोंडा, उत्तर प्रदेश गोंडा में सरयू में लगातार बैराजों से छोड़े गए पानी का डिस्चार्ज हो रहा है। नदी खतरे के निशान से 29 सेंटीमीटर नीचे बह रही है। नदी में उफान से करनैलगंज के काफी लोग गावों से पलायन कर बधे पर अस्थाई रूप से रह रहे हैं। इसके अलावा तरबगंज तहसील के एक दर्जन पंचायतों के 34 गांवों के किनारे तक बाढ़ का पानी पहुंच गया है। यहां के ढेमवाघाट का पहुंच शनिवार को 8.8 मिमी तो रविवार दोपहर बाद हुई झमाझम बरसात ने किसानों को वर्तमान में सूखे की परेशानी से निजात दिला दी। गोमती के तटीय क्षेत्र में जलस्तर से बढ़ने से तराई,जेले में जुलाई माह में 58.54 प्रतिशत बरसात हुई है। कई दिनों से बारिश नहीं होने से खरीफ सीजन की फसल सूखने के कगार पर पहुंच रही थी लेकिन शनिवार को 8.8 मिमी तो रविवार दोपहर बाद हुई झमाझम बरसात ने किसानों को वर्तमान में सूखे की परेशानी से निजात दिला दी। गोमती के तटीय क्षेत्र में जलस्तर से बढ़ने से तराई में जलभराव की समस्या है। लेकिन वह बाढ़ जैसी स्थिति अभी नहीं है।

# वियतनाम से भारत के रिश्ते, आईएनएस कृपाण उपहार में देना संबंधों में नई गर्मजोशी का सूचक

भारत द्वारा वियतनाम को पूरी तरह से चालू नौसैनिक युद्धपोत आईएनएस कृपाण उपहार में देना दोनों देशों के संबंधों में नई गर्मजोशी का सूचक तो है ही, इसे दक्षिण चीन सागर में चीन के वर्चस्ववादी रवैये के खिलाफ साझा तैयारी के रूप में भी देखना चाहिए। पिछले महीने भारत ने पूरी तरह से चालू नौसैनिक युद्धपोत आईएनएस कृपाण वियतनाम को उपहार में दिया। यह जहाज 28 जून को वियतनाम के लिए रवाना हुआ और आठ जुलाई को कैम रैन पहुंचा। यह हो ची मिन्ह शहर से 300 किलोमीटर की दूरी पर दक्षिण चीन सागर में स्थित कैम रैन खाड़ी में एक प्रमुख नौसैनिक बंदरगाह है। वियतनामी नौसेना की समुद्री क्षमता को बढ़ावा देने के लिए भारत द्वारा 12 उच्च गति की नौकाएं सौंपने के एक साल बाद इस युद्धपोत का हस्तांतरण हुआ है।भारत सरकार के इस कदम को इस दक्षिण पूर्व एशियाई देश के साथ रणनीतिक संबंधों में सर्वोच्च मानक माना जा सकता है। वर्ष 1954 में फ्रांस के खिलाफ वियतनाम द्वारा युद्ध जीतने के बाद भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू उसके पहले मेहमान बने थे। यह रिश्ता दक्षिण वियतनाम में अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी और यहां तक चीन समर्थित उत्तरी वियतनामी कम्युनिस्ट लड़ाकों द्वारा वियतनाम पर कब्जे के बाद भी बना रहा।वियतनाम के साथ हमारे रणनीतिक संबंध में रक्षा सहयोग एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभरा है। नवंबर, 2009 में दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों द्वारा रक्षा सहयोग के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने से हमारे संबंध और मजबूत हुए हैं। भारतीय जहाज नियमित रूप से वियतनाम में रुकते हैं। पहली बार, एक वियतनामी जहाज ने फरवरी, 2016 में भारत के



विशाखापत्तनम में इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में भाग लिया था। इसी तरह, शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए अंतरिक्ष का उपयोग, आईटी सहयोग, साइबर सुरक्षा, परमाणु ऊर्जा का उपयोग, नवीकरणीय ऊर्जा और बहु-आयामी व्यावसायिक संपर्क हमारे संबंधों की भावना को प्रदर्शित करते हैं।गौरतलब है कि भारत और वियतनाम, दोनों दक्षिण चीन सागर पर चीन के दावों से परेशान हैं। भारत ने इस बात का संज्ञान लिया कि हेग स्थित स्थायी मध्यस्थता न्यायालय (पीसीए) से फिलीपींस शासन की मध्यस्थता की मांग एक तार्किक पहल थी। और पीसीए ने जुलाई, 2016 में चीन के समुद्री दावों के खिलाफ फैसला सुनाया। महत्वपूर्ण बात यह है कि बाद के दावों में 'इतिहास के तथ्य' को सिरे से खारिज कर दिया गया। चीन ने न केवल इस फैसले की वैधता को खारिज कर दिया, बल्कि इसे अस्वीकार करते हुए दावा किया कि विवाद का कोई भी समाधान द्विपक्षीय बातचीत के जरिये होना चाहिए। विश्लेषक चीन के इस रवैये को दावेदारों को डराने की धमकी के तौर पर देख रहे हैं। दक्षिण चीन सागर में कई प्रमुख खिलाड़ियों के हितों की व्यापकता और उनके समग्र अंतर्संबंध एक तरफ चीन, तो दूसरी तरफ ब्रुनेई, ताइवान, मलयेशिया और फिलीपींस के साथ स्थिति को बिगाड़ देते हैं। मुख्य रूप से, यह वियतनाम तट पर स्थित स्प्रैटली और पैरासेल्स द्वीपों पर दावों से उभरा। 1,800 किलोमीटर लंबी वियतनामी तटरेखा इन द्वीपों के सामने है। इन दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के द्वीप और समुद्री दावों से जुड़े कई विवाद हैं, जिनमें से प्रत्येक अलग-अलग देशों से जुड़ा हुआ है; लेकिन विवाद के केंद्र में डैश लाइन क्षेत्र है, जिस पर चीन दावा करता है, जो दक्षिण चीन सागर के अधिकांश क्षेत्र में फैला है और उपर्युक्त देशों के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र को आक्रामक रूप से घेरता है।चीनी बयानबाजी से उसके दावे वाले समुद्री इलाकों पर नियंत्रण की बू आती है। पीसीए द्वारा विचार-विमर्श की पूरी अवधि के दौरान चीन ने सार्वजनिक रूप से भागीदारी से परहेज करते हुए इसके खिलाफ मीडिया में लगातार हंगामा मचाया। हालांकि भारत सहित सभी देश चाहते हैं कि दक्षिण चीन सागर अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र के रूप में बना रहे, जैसा कि संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (यूएनसीएलओएस) में वर्णित 'अंतरराष्ट्रीय जल में नौवहन की स्वतंत्रता' में स्पष्ट रूप से शामिल है।चीन का रवैया स्पष्ट रूप से और जान-बूझकर उस क्षेत्र में भारत के हितों में दखल देने वाला है। वियतनाम की मैत्रीपूर्ण यात्रा के दौरान भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस ऐरावत के बारे में एक खबर आई थी कि वह चीनी जल क्षेत्र में प्रवेश कर रहा था। यह घटना 22 जुलाई, 2011 की है, जब भारतीय जहाज वियतनाम के तट से 80 किलोमीटर दूर था। उसे इसकी सूचना एक ऐसे सूत्र ने दी, जिसने खुद को चीनी नौसेना बताया।

# ड्रीम गर्ल 2 के प्रमोशन के लिए मेकर्स ने एक बेहद अनोखा रास्ता चुना है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आयुष्मान खुराना की फिल्म ड्रीम गर्ल 2 बीते साल से चर्चा बटोर रही है। फिल्म की कहानी से लेकर लीड एक्ट्रेस तक, फिल्म ने कई बार सुर्खियां बटोरी। अब ड्रीम गर्ल 2 अपनी रिलीज की तैयारी कर रही है। अब फिल्म के टीजर और ट्रेलर रिलीज की अपडेट सामने आई है। ड्रीम गर्ल 2 के प्रमोशन के लिए मेकर्स ने एक बेहद अनोखा रास्ता चुना है। बीते साल से पूजा नाम की एक लड़की अपने चाहने वाले से मिलने का वादा कर रही है, लेकिन अब तक उसका दीदार नहीं हुआ है। पूजा के आशिकों की लिस्ट में पठान और भाईजान से लेकर रॉकी यानी रणवीर सिंह तक, कई सुपरस्टार्स के नाम शामिल है। ड्रीम गर्ल 2 को लेकर यही सस्पेंस दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ा रहा है। पूजा की खूबसूरत आवाज तो सुनने को मिली, लेकिन चेहरा अब तक देखने को नहीं मिला। हालांकि, अब दर्शकों का इंतजार जल्द खत्म होने वाला है, क्योंकि ड्रीम गर्ल 2 का टीजर कुछ घंटों बाद रिलीज होने वाला है, इसके साथ ही पूजा के राज से पर्दा भी उठ जाएगा। ड्रीम गर्ल 2 के लीड एक्टर आयुष्मान खुराना ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म की अपडेट शेयर की है। उन्होंने ड्रीम गर्ल 2 का नया पोस्ट जारी किया है और साथ ही टीजर- ट्रेलर रिलीज की अपडेट दी है। उन्होंने बताया कि टीजर आज यानी 31 जुलाई और ट्रेलर कल यानी 1 अगस्त को रिलीज होगा। ड्रीम गर्ल 2 के इस नए पोस्टर में आयुष्मान खुराना के साथ पहली बार फिल्म की एक्ट्रेस अनन्या पांडे भी नजर आ रही है। आयुष्मान पर्दे की पीछे से झांक रहे हैं और परछाई में एक लड़की नजर आ रही हैं। वहीं, अनन्या पांडे मुस्कुराते हुए उन्हें देख रही है। आयुष्मान खुराना ने फिल्म में अनन्या पांडे के किरदार के बारे में बताते हुए एक दिलचस्प कैप्शन लिखा। एक्टर ने कहा, ठये है परी, मेरी ड्रीम गर्ल। टीजर आज रिलीज होगा और ट्रेलर कल जारी किया जाएगा।




# करियर के लिए छोड़ा घर, वेट्रेस का कर चुकीं काम, जानें- बिहार की मनीषा कैसे बनीं स्टार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मनीषा रानी विवादित शो 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 2' की सबसे चर्चित कंटेस्टेंट्स में से एक हैं। एल्विश यादव और अभिषेक मल्हान के बाद मनीषा रानी को बिग बॉस का सबसे मजबूत कंटेस्टेंट बताया जा रहा है। वह एल्विश और अभिषेक संग अपनी दोस्ती और पूजा भट्ट समेत बाकी घरवालों के साथ अपनी लड़ाई को लेकर छाई रहती हैं।बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 की चर्चित कंटेस्टेंट मनीषा रानी आज सोशल मीडिया की जानी-मानी शख्सियत हैं। उनके हर वीडियोज मिनटों में इंटरनेट पर वायरल हो जाते हैं। बिहार के मुंगेर की रहने वाली मनीषा रानी के लिए इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाना आसान नहीं था। उन्होंने अपनी जिंदगी में काफी मुश्किलें झेली हैं। आइए इस बारे में जानते है। बीते वीकेंड का वार में मनीषा रानी को सलमान खान ने बहुत खरी-खोटी सुनाई थी। सलमान ने कहा था कि मनीषा घर में आग लगाती हैं। बेबीका के लिए अपशब्द बोलने वाले एल्विश को न चुप कराने के लिए भी मनीषा को फटकार लगाई गई थी। यही नहीं, जब एल्विश रो रहे थे और उस वक्त उन्हें चुप कराने गईं मनीषा को सलमान ने कहा था कि वह इरिटेट न करें। सलमान खान के अलावा पूजा भट्ट समेत बाकी घरवालों ने भी मनीषा को टार्गेट किया। मनीषा कई बार रोईं। सोशल मीडिया पर लोग मनीषा को सपोर्ट कर रहे हैं। ट्विटर पर ट्रेंड कर रहीं मनीषा रानी को जो लोग नहीं जानते हैं, वे उनके बारे में जानने के लिए बेताब हैं। तो चलिए आपको बताते हैं कि आखिर मनीषा रानी कौन हैं।5 सितंबर 1997 को बिहार के मुंगेर में जन्मीं मनीषा रानी जब छोटी थीं, तब उनके माता-पिता अलग हो गए थे। उनके पिता और बाकी भाई-बहन को छोड़ सिर्फ मनीषा ही हैं, जो अपनी मां के साथ जुड़ी हुई हैं। मनीषा की बचपन से ही डांस में दिलचस्पी थी। वह छुप-छुपकर डांस एकेडमी में डांस सीखा करती थीं। उनके घर का माहौल सख्त था, इसलिए वह किसी को ये बता नहीं सकती थीं कि उनका क्या सपना हसिद्धार्थ कन्नन के साथ एक इंटरव्यू में मनीषा ने खुलासा किया था कि पिता उनके डांस के सपने के लिए राजी नहीं थे। इसलिए उन्हें मजबूरी में अपना घर छोड़कर भागना पड़ा था। वह अपने पिता के लिए चिट्ठी लिखकर घर से अपनी दोस्त के साथ भागकर कोलकाता चली गई थीं। कोलकाता में मनीषा रानी ने बहुत स्ट्रगल किया। वह वहां पैसों के लिए छोटे-मोटे काम करती थीं। यही नहीं, उन्होंने वेट्रेस तक का काम भी किया है। एक बार मनीषा रानी ने बिग बॉस में बताया था कि वह बिहार में आर्केस्ट्रा में भी डांस कर चुकी हैं। दरअसल, मनीषा को रूम के किराये के लिए 10-15 दिन के लिए कोलकाता से बिहार जाकर आर्केस्ट्रा में काम करना पड़ा था, लेकिन वह इससे इतना तंग आ चुकी थीं कि उन्होंने तय समय से पहले ही वहां से निकलने का सोचा। जब मनीषा ने आर्केस्ट्रा के ऑर्गनाइजर्स से पैसा मांगा और वहां से जाने के लिए कहा था, उन लोगों ने सोशल मीडिया स्टार को पहले रोका और फिर बिना पैसे के जाने की शर्त पर उन्हें वहां से आजाद किया। ये उनके लिए एक बुरा एक्सपीरियंस था। मनीषा रानी ने लॉकडाउन के दौरान टिकटॉक पर वीडियोज बनाना शुरू किया था, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो गया था। इसके बाद वह सोशल मीडिया स्टार बन गई थीं। इंटरनेट पर उनके मजेदार रील्स काफी पसंद किए जाते हैं। फनी वीडियोज की वजह से ही मनीषा को बतौर एंटरटेनर बिग बॉस के लिए चुना गया।



# 'धोनी की पत्नी' से कैप्टन विक्रम बत्रा के 'प्यार' तक, इन किरदारों ने दिलाई पहचान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**इंडस्ट्री में नौ साल बिता चुकीं कियारा आडवाणी ने अपने किरदारों के जरिए एक अलग पहचान कायम की है। उनकी फिल्मों की लिस्ट में कॉमेडी से लेकर ड्रामा और बायोपिक तक शामिल हैं। कियारा के जन्मदिन के मौके पर उनके कुछ यादगार किरदार, जिनमें उनके अभिनय को खूब सराहा गया। बॉलीवुड की बेहतरीन एक्ट्रेसेस में से कियारा आडवाणी भी एक हैं। एक्ट्रेस ने काफी कम समय में ही अपनी अलग पहचान बनाई है। कियारा ने अपने 9 साल के फिल्मी करियर में कई सुपरहिट फिल्में की हैं। कियारा ने साल 2014 में फिल्म फगली से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। कियारा हाल में कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म सत्यप्रेम की कथा में नजर आयी थीं। अपने डेब्यू फिल्म में ही कियारा ने अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों के दिल में जगह बना ली थी। उनका 'देवी' का किरदार एक स्वतंत्र और आत्मविश्वास से भरा हुआ रोल था। यह एक पावरफुल किरदार था, जिसे कियारा ने बखूबी निभाया था। एम एस धोनी' फिल्म में धोनी की पत्नी 'साक्षी' के किरदार में कियारा लोगों को खूब पसंद आईं। उन्होंने अपने कैरेक्टर के साथ पूरा न्याय किया और वो फिल्म में सुशांत के साथ काफी खूबसूरत लगीं। कबीर सिंह' फिल्म जितनी शाहिद कपूर की थी, उतनी ही कियारा आडवाणी की भी थी। इन दोनों का ही किरदार एक-दूसरे पर निर्भर था। प्रीति' का किरदार जितना आसान दिखता था उतना था नहीं। इस कैरेक्टर में वक्त के साथ कई बदलाव हुए और कई सारी चुनौतियों का भी सामना किया। 'कबीर सिंह' फिल्म कियारा के करियर के लिए एक मील का पत्थर साबित हुई। फिल्म 'गुड न्यूज' में कियारा ने 'मोनिका बत्रा' के किरदार में अपने एक्टिंग की वर्सेटिलिटी को दिखाया है। जहां फिल्म के फर्स्ट हाफ में उन्होंने दर्शकों को अपनी कॉमिक टाइमिंग से हंसाया, वहीं फिल्म के दूसरे भाग में अपने इमोशनल सीस से ऑडियंस को भावुक भी कर दिया है।



# शाह रुख खान की 'जवान' से पहला गाना आउट, वीकेंड पर आरआरेपीके की इतनी कमाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सोमवार के दिन मनोरंजन जगत में सुबह से ही हलचल मची रही। शाह रुख खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'जवान' से जुड़ा आए दिन कोई न कोई अपडेट सामने आ रहा है सोमवार का दिन बॉलीवुड में खूब हलचल भरा रहा। शाह रुख खान की फिल्म जवान का पहला गाना फाइनली ऑडियंस के सामने आ चुका है। इसके अलावा रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का वीकेंड काफी अच्छा रहा। इसके अलावा बिग बॉस ओटीटी 2 कंटेस्टेंट एल्विश यादव को भारी कीमत चुकानी पड़ी । यहां पर पढ़ें आज की टॉप 5 न्यूज अब से बस कुछ ही समय में एटली के निर्देशन में बनी फिल्म 'जवान' से पहला गाना ऑडियंस के सामने आने वाला है। इसके अलावा करण जौहर के निर्देशन में बनी फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम' कहानी का वीकेंड काफी अच्छा रहा। पहले ही वीकेंड पर इस फिल्म ने 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। मनोरंजन जगत में सुबह से और क्या कुछ खास और बड़ा हुआ, चलिए बिना देरी किये फटाफट डालते हैं एक नजर। शाह रुख खान अपनी फिल्म 'जवान' को लेकर चर्चा में हैं। प्रीव्यू में उनके अलग-अलग लुक्स को देखकर फैंस एक्साइटेड हो चुके थे। अब किंग खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म से उनका पहला गाना ' जिंदा बंदा' फाइनली ऑडियंस के सामने कुछ ही देर में होगा। यहां पर पढ़ें पूरी खबर करण जौहर की फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' की शुरुआत 11 करोड़ से हुई थी, लेकिन वीकेंड पर फिल्म की कमाई में एक बड़ा उछाल देखने को मिला। इस फिल्म का वीकेंड काफी अच्छा गया। रविवार को आलिया भट्ट और रणवीर सिंह स्टारर फिल्म ने सिंगल डे पर 19 करोड़ के आसपास बिजनेस किया। यहां पर पढ़ें पूरी खबर सेलिना जेटली इन दिनों लगातार चर्चा में हैं। कुछ दिनों पहले उन्होंने अपने बच्चे को खोने का दर्द बयां करते हुए बताया था कि वह पांच साल बाद भी इस दर्द से नहीं उभर पाई हैं। अब हाल ही में सेलिना जेटली ने पाकिस्तानी पत्रकार के खिलाफ नेशनल कमीशन फॉर वुमन इन इंडिया में इस मामले को ले जाने का फैसला किया। यहां पर पढ़ें पूरी खबर हिंदी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री शोभना से जुड़ी एक खबर सामने आई है। कहा जा रहा है कि शोभना के घर में चोरी हो गई है और ये चोरी उनके डोमेस्टिक वर्कर ने ही किया है। घर से कैश गायब होने के बाद शोभना ने पुलिस में शिकायत की और फिर केस वापस ले लिया। यहां पर पढ़ें पूरी खबर बिग बॉस ओटीटी 2 में सलमान खान से डांट खाने के बाद अब एल्विश यादव को घर की महिला सदस्य को लेकर किये गए कमेंट की वजह से भारी कीमत चुकानी पड़ी है।




# एक हाथ से देश के लिए क्रिकेट खेलेंगी संयमी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अभिषेक बच्चन और संयमी खेर स्टारर मूवी 'घूमर' जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। काफी समय से फैंस अभिषेक की इस फिल्म का इंतजार कर रहे थे। हाल ही में, इसका पोस्टर भी रिलीज हुआ, जिसे देख लोग मूवी के लिए एक्साइटेड नजर आये। अब मूवी की पहली झलक देखने को मिली है, जिसने लोगों की दिलचस्पी और बढ़ा दी है। बाल्की के द्वारा निर्देशित फिल्म घूमर का टीजर सामने आया है। मूवी एक ऐसे क्रिकेटर की कहानी पर आधारित है जिसका एक हाथ नहीं होता है। फेमस एक्ट्रेस संयमी खेर क्रिकेटर का किरदार निभा रही हैं जबकि बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन संयमी के कोच के रूप में दिखाई देंगे। ये मूवी सिनेमाघरों में इसी साल 18 अगस्त को रिलीज हो रही है हिंदी सिनेमा के टैलेंटेड डायरेक्टर आर बाल्की ने 'घूमर' का निर्देशन किया है। 31 जुलाई 2023 को अभिषेक बच्चन ने फिल्म की झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है। इसके साथ अभिषेक ने कैप्शन में लिखा- 'लेफी है लेफ्ट ही है।' प्रेम विजन की निर्मित फिल्म में संयमी लेफ्ट हैंड स्पिनर बनी हैं, जिनका एक हाथ नहीं होता है 'घूमर' के मोशन पोस्टर की शुरुआत संयमी से होती है, जो अपने एक हाथ में बॉल पकड़ी हुई हैं। बैकग्राउंड में कहते हुए सुना जा सकता है कि कोई एक हाथ से देश के लिए खेल सकता है। नहीं, ये लाइफ न लॉजिक का नहीं, बल्कि मैजिक का खेल है। इस क्लिप के साथ एलान किया गया है कि मूवी का ट्रेलर तीन दिनों के बाद रिलीज किया जाएगा।'घूमर' की कहानी एक लकवाग्रस्त खिलाड़ी के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका सिर्फ एक हाथ होता है।



# रिश्ता क्या कहलाता है'में बड़ा ट्विस्ट, अभि-अक्षरा की जिंदगी से खत्म होगा अभिनव का चैप्टर एक होंगे अभीरा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**स्टार प्लस पर टेलीकास्ट होने वाला शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' सबसे चर्चित डेली सोप में से एक है। शो में आए दिन नए-नए ड्रामे देखने को मिलते हैं, जिसका दर्शक भी खूब आनंद लेते हैं। जल्द ही इस शो में एक मजेदार ट्विस्ट देखने को मिलेगा, जो अभीरा फैंस को खुश कर देगा।हर्षद चोपड़ा और प्रणाली राठौड़ स्टारर शो ये रिश्ता क्या कहलाता है में जबरदस्त ट्विस्ट आने वाले हैं। खोए बेटे अभीर की वजह से अभिमन्यु और अक्षरा फिर से करीब आ गए हैं और दूसरी ओर अभिनव अभीरा की जिंदगी से दूर जाने वाला है। लेटेस्ट प्रोमो में दिखाया गया कि कैसे अभिनव का ट्रैक खत्म किया जाएगा। हर्षद चोपड़ा और प्रणाली राठौड़ स्टारर शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' एक अपकमिंग एपिसोड में अक्षरा और अभिमन्यु की जिंदगी से अभिनव (जय सोनी) की छुट्टी हो जाएगी। लेटेस्ट प्रोमो में दिखाया गया है कि जय सोनी शो को किस तरह अलविदा कहने जा रहे हैं। ये देख शायद उनके चाहने वालों को झटका लग सकता है। 'ये रिश्ता...' के लेटेस्ट प्रोमो के मुताबिक, एक तरफ अभिमन्यु और अक्षरा अपने बेटे अभीर की तलाश कर रहे हैं तो दूसरी ओर अभिनव का एक बड़ा एक्सीडेंट हो जाएगा। प्रोमो में दिखाया गया है कि जय सोनी की गाड़ी को पीछे से ट्रक टक्कर मार देगी। हालांकि, अभिनव जिंदा बचेगा या नहीं, ये तो एपिसोड में ही पता चलेगा। काफी समय से जय सोनी के शो छोड़ने की खबरें सामने आ रही थीं। 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के हालिया एपिसोड के चलते अभीरा ट्विटर पर ट्रेंड कर रहा है। लेटेस्ट ट्रैक के मुताबिक, अभीर घर से गायब हो जाता है और एक अनजान जगह में भटकता रहता है। जब बेटे के गायब होने की खबर अक्षरा को चलती है, तो वह बहुत परेशान हो जाती है और खाना-पीना छोड़ देती है। अभिमन्यु को पछतावा होता है और वह अक्षरा को बेचैन नहीं देख पाता है। जैसे ही अभिमन्यु गाड़ी लेकर अभीर को ढूंढने के लिए निकलता है, अक्षरा भी बेटे को ढूंढने के लिए निकल जाती है और अभिमन्यु के कार के सामने आ जाती है और उसे ब्लेम करने लगती है। फिर अभिमन्यु उसे सॉरी बोलते हुए गोद में उठाकर कार में बिठा देता है और बेटे अभीर को ढूंढने निकल जाता है।



# बेबिका धुर्वे पर कमेंट करना एल्विश यादव को पड़ा महंगा चुकानी पड़ी इतनी बड़ी कीमत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**बिग बॉस सीजन ओटीटी 2 जैसे-जैसे अंतिम सफर की तरफ बढ़ रहा है और भी दिलचस्प होता जा रहा है। अभिषेक मल्हान के अलावा इस सीजन में अगर किसी कंटेस्टेंट की सबसे ज्यादा चर्चा है, तो वह हैं हरियाणा के रहने वाले एल्विश यादव, जिन्होंने घर में आते ही सभी कंटेस्टेंट को हिलाकर रख दिया। हालांकि, बीता हफ्ता उन पर बहुत भारी रहा। अपने दोस्तों अभिषेक मल्हान और मनीषा रानी के सामने बेबिका धुर्वे पर भद्दे कमेंट करने की वजह से वीकेंड पर सलमान खान ने उनकी बुरी तरह क्लास लगा दी। सलमान खान से डांट खाने के बाद अब एल्विश यादव को घर की महिला सदस्य को लेकर किये गए कमेंट की वजह से भारी कीमत चुकानी पड़ी है। बिग बॉस ओटीटी 2 में एल्विश यादव का फ्रेंडली अंदाज लोगों को अब तक बहुत पसंद आ रहा है। इतना ही नहीं, जब सलमान खान ने वीकेंड के वार में उनकी क्लास लगाई तो सोशल मीडिया पर उनके फैंस ने एक्टर को ही बायकॉट करने की बात कह दी। हालांकि, इन सबके बीच कोई मोई.कॉम की रिपोर्ट्स की मानें तो वीकेंड के वार एपिसोड के बाद यूट्यूबर एल्विश यादव ने इंस्टाग्राम पर अपने कई फॉलोअर्स गंवा दिए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक एल्विश यादव का बेबिका धुर्वे पर किया गया कमेंट कई लोगों को बिल्कुल भी पसंद नहीं आ रहा है, जिसकी वजह से अब तक 1 लाख से अधिक लोगों ने उन्हें इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया है। आपको बता दें कि 'टिकट टू फिनाले' के लिए तीन दावेदारों को चुना गया था, जिसमें जिया शंकर, एल्विश यादव और बेबिका का नाम शुमार था। तीनों के बीच एक टास्क हुआ और रिपोर्ट्स की मानें तो जिया शंकर टास्क जीतकर इस शो की पहली फाइनलिस्ट बनी हैं। इस टास्क के खत्म होने के बाद शुक्रवार के एपिसोड में गार्डन एरिया में बने रूम में बैठकर एल्विश यादव ने बेबिका धुर्वे के बारे में कई अपशब्द कहते हुए बम्बू और खूंटा जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था। जिया शंकर भी उस वक्त वहां पर मौजूद थीं। उन्होंने जाकर ये बात पूजा भट्ट को बताई और साथ ही कहा कि वह एल्विश यादव के आसपास होने पर सेफ फील नहीं कर रही हैं। आपको बता दें कि एल्विश यादव को फिलहाल इस सीजन में सबसे ज्यादा वोट्स मिल रहे हैं।



# महादेव की भक्ति में समर्पित दिखीं लवली काजल, नेहा राज की आवाज में रिलीज हुआ सावन स्पेशल सॉन्ग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सावन के पावन महीने में भोजपुरी इंडस्ट्री से कई गाने रिलीज हो रहे हैं। अक्षरा सिंह से लेकर रितेश पांडेय तक, कई कलाकारों ने भोलेनाथ को समर्पित गाने रिलीज किए हैं, जिनमें उनकी श्रद्धा और भक्तिभाव देखने को मिली। इसी सिलसिले में महादेव के भक्तों के लिए एक और गाना सामने आ चुका है। यह गाना है सिंगर नेहा राज का, जिस पर एक्ट्रेस लवली काजल ने मनमोहक अदाकारी दिखायी है। भोजपुरी इंडस्ट्री भी बॉलीवुड और साउथ सिनेमा की तरह धीरे-धीरे दर्शकों के दिलों तक पहुंच रही है। यह महीना भोलेनाथ के भक्तों के लिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि सावन चल रहा है। ऐसे में भोजपुरी सिनेमा से इस थीम पर कई तरह के गाने रिलीज किए गए हैं जिस कड़ी में फेमस सिंगर नेहा राज ने भी महादेव की भक्ति से समर्पित सजे गाने को रिलीज किया है। सावन के पावन महीने में अविवाहित कन्याएं सोमवार का व्रत रखती हैं और भक्ति में लीन होकर भोले बाबा की पूजा अर्चना करती हैं। वे अपना मनपसंद वर पाने की कामना करती हैं। इसी थीम को ध्यान में रखते हुए भोजपुरी इंडस्ट्री से बहुत ही प्यारा बोल बम गाना 'बेल के पतइया' रिलीज किया गया है, जिसे अपने मधुर स्वर में गाया है पॉपुलर सिंगर नेहा राज ने और इसके वीडियो में मन मोह लेने वाला अदाकारी किया है एक्ट्रेस लवली काजल ने। वीडियो में दिखाया गया है कि लवली काजल गेरुआ रंग साड़ी पहनकर अपनी सहेलियों के साथ गंगा किनारे शिवाला पर भोले बाबा से पूजा अर्चना करते हुए विनती कर रही हैं। वह कहती हैं कि 'हम लिख देले बानी आवेदन, हामर सुनलीं ए भोला निवेदन, हाथ जोड़ी बाटे प्रनाम ए बाबा... बेल के पतइया होखे वाला सइयां के, लिख देले बानी हम ते नाम ए बाबा... एतना सा कर हमार काम ए बाबा. सावन के पावन महीने में अविवाहित कन्याएं सोमवार का व्रत रखती हैं और भक्ति में लीन होकर भोले बाबा की पूजा अर्चना करती हैं। वे अपना मनपसंद वर पाने की कामना करती हैं। इसी थीम को ध्यान में रखते हुए भोजपुरी इंडस्ट्री से बहुत ही प्यारा बोल बम गाना 'बेल के पतइया' रिलीज किया गया है, जिसे अपने मधुर स्वर में गाया है पॉपुलर सिंगर नेहा राज ने और इसके वीडियो में मन मोह लेने वाला अदाकारी किया है एक्ट्रेस लवली काजल ने। वीडियो में दिखाया गया है कि लवली काजल गेरुआ रंग साड़ी पहनकर अपनी सहेलियों के साथ गंगा किनारे शिवाला पर भोले बाबा से पूजा अर्चना करते हुए विनती कर रही हैं। वह कहती हैं कि 'हम लिख देले बानी आवेदन, हामर सुनलीं ए भोला निवेदन, हाथ जोड़ी बाटे प्रनाम ए बाबा... बेल के पतइया होखे वाला सइयां के, लिख देले बानी हम ते नाम ए बाबा... एतना सा कर हमार काम ए बाबा. यह गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस वीडियो के निर्माता रत्नाकर कुमार है। नेहा राज की आवाज से सजे इस गाने को गीतकार आशुतोष तिवारी द्वारा लिखे इस गीत को मधुर संगीत से सजाया है। जबकि, संगीतकार आर्या शर्मा हैं। वीडियो निर्देशक रवि पंडित हैं।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।